


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 मैं नर्वस था लेकिन मुझे खुद को साबित करना था: ऋषभ

भूपेश बघेल ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखा खत छत्तीसगढ़...12



वर्ष : 15 | अंक : 161 | नई दिल्ली, मंगलवार, 24 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# अनुरा दिसानायके ने ली श्रीलंका के 9वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ

**कोलंबो, एजेंसी**

अनुरा दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। यह पहली बार है जब एक वामपंथी नेता ने राष्ट्राध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। दिसानायके, मार्क्सवादी विचारधारा वाली जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) से आते हैं। शपथ ग्रहण समारोह कोलंबो स्थित राष्ट्रपति सचिवालय में हुआ। मुख्य न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने दिसानायके को शपथ दिलाई।

चुनाव में पहली बार राष्ट्रपति पद के लिए दूसरी वरीयता के वोटों की गिनती की गई। यह तब हुआ जब दिसानायके और समागी जन संधानया के उम्मीदवार सजित प्रेमदासा, जरुरी वोट प्रतिशत हासिल करने में नाकाम रहे। इसके बाद दूसरी वरीयता के वोटों की गिनती करने की जरुरत पड़ी।

रविवार शाम 7 बजे चुनाव आयोग द्वारा अंतिम परिणाम घोषित किए गए। आयोग के अनुसार, दिसानायके ने 42.31 प्रतिशत वोटों के साथ राष्ट्रपति पद जीता, जबकि प्रेमदासा दूसरे स्थान पर रहे और मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, जो पहले दौर के बाद बाहर हो गए थे, तीसरे स्थान पर रहे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिसानायके को राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने रविवार देर रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनावों में आपकी जीत पर अनुरा दिसानायके को बधाई। भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और विजन सागर में श्रीलंका का विशेष स्थान है। मैं अपने लोगों और पूरे क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे बहुमुखी सहयोग को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए दिसानायके ने पोस्ट किया, पीएम मोदी, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। मैं हमारे देशों के बीच रिश्तों को मजबूत करने की आपकी प्रतिबद्धता को साझा करता हूं। साथ मिलकर, हम अपने लोगों और पूरे क्षेत्र के लाभ के लिए सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर सकते हैं। रविवार को दिसानायके की जीत की घोषणा के बाद भारतीय उच्चायुक्त उनसे मिलने वाले पहले लोगों में से एक थे। श्रीलंका के 2022 के आर्थिक संकट के दौरान भारत के निर्णायक राजनीतिक और आर्थिक समर्थन ने दोनों देशों के रिश्तों को बेहद मजबूती दी। सख्त जरूरत के समय में, भारत ने अपने पड़ोसी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दिखाते हुए, 4.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की नकदी और संसाधनों से मदद की।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31.0°C
न्यूनतम तापमान 22.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 6,885 gm |
| चांदी | 93,000 |
| सेंसेक्स | 84,790 |
| निफ्टी | 25,905 |

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय उच्चायुक्त ने श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति दिसानायके से मुलाकात की

कोलंबो। भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से नेशनल पीपुल्स पावर के बत्तरामुल्ला स्थित कार्यालय में मुलाकात की। भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, श्री झा ने भारत के नेतृत्व की ओर से शुभकामनाएं दीं और जनादेश हासिल करने पर श्री दिसानायके को बधाई दी।' भारतीय उच्चायोग ने आगे कहा, श्रीलंका के सभ्यतागत जुड़वाँ के रूप में भारत हमारे दोनों देशों के लोगों की समृद्धि के लिए संबंधों को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सुलतानपुर लूट कांड का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

उन्नाव। उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के अचलगंज क्षेत्र में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने सोमवार को एक सशस्त्र मुठभेड़ में सुल्तानपुर में सर्राफ लूट कांड में एक लाख रुपये की इनामी राशि वाले आरोपी को ढेर कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने बताया कि आज तड़के करीब चार बजे एसटीएफ लखनऊ की टीम के साथ सुल्तानपुर में भरत ज्वैलर्स की दुकान में लूट के आरोपियों के साथ अचलगंज क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हुआ है जबकि दूसरा मौके से भाग निकलने में सफल रहा। उन्होने बताया कि घायल बदमाश की शिनाख्त अनुज प्रताप सिंह निवासी ग्राम जनापुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी के रूप में की गई है। यह बदमाश एक लाख का इनामी था, जिसे घायलावस्था में 108 एंबुलेंस से पहले स्थानीय अस्पताल और फिर जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया था।

# अवसरों का निर्माण करने वाली धरती बन गयी है भारत: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को अवसरों का निर्माण करने वाली धरती बताते हुए आज कहा कि मानवता, आध्यात्म, प्रगतिशीलता, अडिगता एवं समृद्धि की पांच पंखुड़ियों के बल पर भारत विकसित बनेगा।

श्री मोदी ने अमेरिका की यात्रा के दूसरे दिन रविवार को न्यूयॉर्क के नसाऊ काउंटी के यूनियनडेल में नसाऊ कोलेजियम में प्रवासी भारतीयों द्वारा आयोजित कार्यक्रम मोदी एंड यूएस में जुटी 15 हजार से अधिक की भीड़ को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, 'अब अपना नमस्ते भी मल्टीनेशनल हो गया है। लोकल से ग्लोबल हो गया है और ये सब आपने किया है। अपने दिल में भारत को बसा कर रखने वाले हर भारतीय ने ये किया है। आपका ये प्यार मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है। मुझे वो दिन याद आते हैं जब मैं प्रधानमंत्री भी नहीं था, मुख्यमंत्री भी नहीं था और नेता भी नहीं था। उस समय जिज्ञासु के तौर पर मैं यहां आया करता था। जब मैं किसी पद पर नहीं था, उससे पहले भी मैं अमेरिका के करीब 29 प्रांतों में दौरा कर चुका था।'

उन्होंने कहा कि वह हमेशा से भारतीय समुदाय के सामर्थ्य को समझता रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आप मेरे लिए हमेशा से भारत के सबसे मजबूत बैंड एंबेसेडर रहे हैं। इसलिए मैं आप सबको राष्ट्रदूत कहता हूं। आपने भारत को अमेरिका से और अमेरिका को भारत से जोड़ा है। आपका कौशल, प्रतिभा और प्रतिबद्धता बेजोड़ है। विदेश में रहते हुए भी कोई महासागर आपको भारत से अलग नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि हम जहां भी जाते हैं, सबको परिवार मानकर उनसे घुल मिल जाते हैं। विविधता को समझना, जीना, उसे अपने जीवन में उतारना... ये हमारे संस्कारों में है। कोई तमिल बोलता है... कोई तेलुगु, कोई मलयालम, तो कोई कन्नड़ा... कोई पंजाबी, कोई मराठी तो, कोई गुजराती... भाषा अनेक हैं, लेकिन भाव एक है... और वो भाव है- भारतीयता। उन्होंने कहा कि हम उस देश के वासी हैं, जहां सैकड़ों भाषाएं और बोलियां हैं, दुनिया के सारे मत और पंथ हैं। फिर भी हम एक बनकर, नेक बनकर आगे बढ़ रहे हैं। दुनिया के साथ जुड़ने के लिए ये हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही मूल्य, हमें सहज रूप से ही विश्व-बंधु बनाते हैं।

श्री मोदी ने कहा, 'दुनिया के लिए एआई का मतलब है- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है। लेकिन मैं मानता हूं कि एआई का मतलब है- अमेरिकन इंडियन। यही तो दुनिया का एआई पावर है। यही एआई भावना भारत-अमेरिका के रिश्तों को नई ऊंचाई दे रहा है।'

उन्होंने याद किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन उन्हें अपने घर ले गए थे, उनकी आत्मीयता, उनकी गर्मजोशी... दिल छू लेने वाला मौका रहा। ये सम्मान 140 करोड़ भारतीयों का है, ये सम्मान आपका है और आपके पुरुषार्थ का है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का ये साल, पूरी दुनिया के लिए बहुत अहम है। एक तरफ दुनिया के कई देशों के बीच संघर्ष है, तनाव है तो दूसरी तरफ कई देशों में लोकतंत्र का जश्न चल रहा है। लोकतंत्र के इस जश्न में भारत और अमेरिका एक साथ हैं. अमेरिका में चुनाव होंगे और भारत में चुनाव संपन्न हो चुके हैं। भारत में ये चुनाव मानव इतिहास में अब तक के सबसे बड़े चुनाव थे। भारत में अमेरिका की आबादी से दोगुने लोग वोट डालते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में हुए इस बार के चुनाव, मानव इतिहास के, अब तक के सबसे बड़े चुनाव थे। भारत की जनता ने ये नया जनादेश दिया है। उसके मायने बहुत हैं और बहुत बड़े भी हैं। ये तीसरे टर्म में हमें बहुत बड़े लक्ष्य साधने हैं। हमें तीन गुना ताकत और तीन गुनी गति के साथ आगे बढ़ना है। इस तीसरे कार्यकाल में हमें कई लक्ष्य हासिल करने हैं. हमें तीन गुना शक्ति और ताकत के साथ आगे बढ़ना है।

श्री मोदी ने कहा, आपको एक शब्द याद रहेगा पुष्प। पी से प्रोग्रेसिव भारत, यू से अनस्टॉपेबल भारत, एस से स्पीरीचुअल भारत, एच से मानवता प्रथम को समर्पित भारत, पी से समृद्धिशाली भारत। इस प्रकार से ह्मपुष्पह्व की पांच पंखुड़ियां मिलकर ही विकसित भारत बनाएंगी।

श्री मोदी ने भारत के स्वाधीनता संग्राम में सक्रिय स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए कहा कि उनका जन्म आजाद भारत में हुआ था और उन्हें आजादी की लड़ाई देखने के लिए नहीं मिली। उन्होंने कहा, हम देश के लिए मर नहीं पाए, लेकिन हम देश के लिए जी जरूर सकते हैं। पहले दिन से मेरा मन और मिशन एकदम क्लीयर रहा है... मैं स्वराज्य के लिए जीवन नहीं दे पाया... लेकिन मैंने तय किया सुराज और समृद्ध भारत के लिए जीवन समर्पित करूंगा।

उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया के सबसे बड़े युवा देशों में से एक है। भारत ऊर्जा से भरा हुआ है, सपनों से भरा हुआ है। आज ही एक और बहुत अच्छी खबर में मिली है। शतरंज ओलंपियाड में पुरुष और महिला वर्ग दोनों में भारत को गोल्ड मिला है। ये लगभग 100 साल के इतिहास में पहली बार हुआ है। एक दशक से भारत, 10वें नंबर से 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। अब हर भारतीय चाहता है कि भारत जल्दी से तीसरे नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने।

## मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस सबाह, फिलिस्तीन के राष्ट्रपति अब्बास के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं





न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से न्यूयॉर्क में मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात न्यूयॉर्क स्थित लोटे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में हुई। पीएम मोदी ने गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने फिलिस्तीनी लोगों के प्रति भारत के निरंतर समर्थन की बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर युद्ध विराम, बंधकों की रिहाई और वार्ता व कूटनीति के मार्ग पर लौटने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल दो राष्ट्र समाधान ही क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता प्रदान कर सकता है। भारत फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले पहले देशों में से एक था। पीएम ने संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। भारत लंबे समय से इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष में दो-राज्य समाधान पर विचार कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी सात अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर किए गए भयानक आतंकी हमले की निंदा करने वाले पहले वैश्विक नेताओं में से एक थे, मगर भारत ने गाजा में बिगड़ती स्थिति पर बार-बार चिंता भी व्यक्त की है।

## मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ द्विपक्षीय बैठक की



न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से अमेरिका के न्यूयार्क में मुलाकात की तथा ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार पर केंद्रित द्विपक्षीय बैठक की। श्री मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, 'न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री केपी ओली के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। भारत-नेपाल मित्रता बहुत मजबूत है और हम अपने संबंधों को और भी गति देने के लिए तत्पर हैं। हमारी बातचीत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रही।' उन्होंने नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने वाला 101वां देश बनने पर बधाई दी और जलवायु परिवर्तन की चुनौती के लिए क्षेत्रीय प्रतिक्रिया के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, 'नेपाल भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के तहत उसका एक प्राथमिकता वाला भागीदार है। यह बैठक हमारी पड़ोसी प्रथम नीति को आगे बढ़ाने के लिए भारत और नेपाल के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को जारी रखती है।' एक भारतीय रीडआउट में कहा गया है कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के दौरान मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत और नेपाल के बीच अद्वितीय और घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की तथा विकास साझेदारी, जलविद्युत सहयोग, लोगों के बीच आपसी संबंध तथा भौतिक, डिजिटल और ऊर्जा के क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने सहित विविध क्षेत्रों में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

## केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने झारखंड के मुख्यमंत्री की 'गिद्ध' संबंधी टिप्पणी की निंदा की



**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिद्ध संबंधी टिप्पणी को लेकर सोमवार को उनकी आलोचना की और कहा कि लोग राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें करारा जवाब देंगे। सोरेन ने हाल ही में गढ़वा जिले में एक सार्वजनिक संबोधन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से राज्य में संचालित परिवर्तन यात्राओं का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा था कि अब अन्य राज्यों के नेता गिद्धों की तरह मंडराते नजर आएंगे।

राज्य में विधानसभा चुनाव इस वर्ष के अंत में प्रस्तावित हैं।

लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष पासवान ने कहा, जनता मुख्यमंत्री की ऐसी भाषा का जवाब देगी। आगामी चुनाव में जनता का फैसला सब कुछ स्पष्ट कर देगा। पासवान चुनाव से पहले राज्य में पार्टी का आधार मजबूत करने के प्रयास के तहत सोमवार को लातेहार और पलामू जिलों में दो सार्वजनिक रैलियों को संबोधित करने झारखंड पहुंचे हैं। पासवान ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड में उनके कई कार्यक्रम हैं।

रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा, पार्टी के गठबंधन में या अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय राज्य इकाई लेगी। तिरुपति मंदिर में प्रसाद के लड्डुओं में पशु की चर्बी के कथित इस्तेमाल पर उन्होंने कहा कि यह घटना चिंताजनक होने के साथ-साथ निंदनीय भी है। उन्होंने कहा, इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं फिर न हों। पासवान ने साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से आज विदेशों में भारत का कद बढ़ा है। उन्होंने कहा, अब दुनिया भारत की बातों पर गौर करती है।

## कांग्रेस अच्छे दिन आने पर दलितों को करती है दरकिनार: मायावती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती का कहा है कि कांग्रेस बुरे दिन में दलितों को प्रमुख स्थान देती है और अच्छे दिन आने पर दरकिनार कर देती है। मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, देश में अभी तक के हुए राजनीतिक घटनाक्रमों से यह साबित होता है कि खासकर कांग्रेस व अन्य जातिवादी पार्टियों को अपने बुरे दिनों में तो कुछ समय के लिए इनको दलितों को मुख्यमंत्री व संगठन आदि के प्रमुख स्थानों पर रखने की जरूर याद आती है। लेकिन ये पार्टियां, अपने अच्छे दिनों में, फिर इनको अधिकांशतः दरकिनार ही कर देती हैं। इनके स्थान पर, फिर उन पदों पर जातिवादी लोगों को ही रखा जाता है, जैसा कि अभी हरियाणा प्रदेश में भी देखने के लिए मिल रहा है।



आगे कहा, ऐसे अपमानित हो रहे दलित नेताओं को अपने मसीहा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर से प्रेरणा लेकर इन्हें खुद ही ऐसी पार्टियों से अलग हो जाना चाहिए तथा अपने समाज को फिर ऐसी पार्टियों से दूर रखने के लिए उन्हें आगे भी आना चाहिए। क्योंकि परम पूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने देश के कमजोर वर्गों के आत्मसम्मान व स्वाभिमान की वजह से अपने केंद्रीय कानून मंत्री पद से इस्तीफा भी दे दिया था। जिनसे प्रेरित होकर फिर मैंने भी जिला सहारनपुर के दलित उत्पीड़न के मामले में इसकी हुई उपेक्षा तथा ना बोलने देने की स्थिति में, फिर मैंने इनके सम्मान व स्वाभिमान में अपने राज्यसभा सांसद से इस्तीफा भी दे दिया था।

### कहा- जैसे भरत ने खड़ाऊं रखकर सिंहासन संभाला, मैं दिल्ली संभालूंगी, भाजपा बोली- चापलूसी नहीं, काम करें


# आतिशी ने मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली छोड़ी: 'आप' नेता आतिशी ने दिल्ली के आठवें मुख्यमंत्री का प्रभार संभाला

● भाजपा ने उनकी छवि बिगाड़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। आतिशी मुख्यमंत्री कार्यालय में एक अलग कुर्सी पर बैठीं।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली की आठवीं मुख्यमंत्री का प्रभार संभाल लिया। उन्होंने शनिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अब दिल्ली विधानसभा का सत्र 26 और 27 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।

आतिशी ने केजरीवाल सरकार में उनके पास रहे 13 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी शामिल हैं। उन्होंने प्रभार संभालने के बाद कहा, मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर काम किया था। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर राजनीति में गरिमा की मिसाल कायम की है। भाजपा ने उनकी छवि बिगाड़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। आतिशी मुख्यमंत्री कार्यालय में एक अलग कुर्सी पर बैठीं। नए मंत्रिमंडल में आतिशी के बाद सबसे अधिक आठ विभाग सौरभ भारद्वाज के पास हैं जिनमें स्वास्थ्य, पर्यटन, कला और संस्कृति शामिल हैं। मंत्रिमंडल में पहली बार शामिल हुए मुकेश अहलावत के पास श्रम, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, रोजगार और भूमि व भवन विभाग हैं। गोपाल राय को विकास, सामान्य प्रशासन, पर्यावरण और वन विभाग दिया





गया है जो उनके पास केजरीवाल सरकार में पहले भी थे।

परिवहन, गृह, प्रशासनिक सुधार, महिला एवं बाल विकास विभाग कैलाश गहलोत के पास बरकरार हैं। आतिशी की अगुवाई वाले नए मंत्रिमंडल के सामने फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले अगले कुछ महीनों में शुरू की जाने वाली कई परियोजनाएं, योजनाएं तथा नई पहलों की लंबी सूची है।

भाजपा नेताओं ने कहा, उनके पद संभालते ही राजनीतिक ड्रामा शुरू हो गया है। भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा, आतिशी ने मुख्यमंत्री पद की गरिमा के साथ ही दिल्लीवासियों की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई हैं। अरविंद केजरीवाल को इस संबंध में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। क्या वह इसी तरह से रिमोट कंट्रोल से दिल्ली सरकार चलाएंगे? विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा आम आदमी पार्टी की सरकार का ध्यान दिल्लीवासियों की समस्या दूर करने की जगह संविधान के अपमान करने पर है। मुख्यमंत्री ने अपने बगल में केजरीवाल की खाली कुर्सी रखी है। यह हास्यास्पद है। उन्होंने केजरीवाल के कहने पर ऐसा किया है।

### आतिशी दिल्ली की सबसे युवा मुख्यमंत्री

आतिशी ने 21 सितंबर को दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राजनिवास में उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के पैर छुए। वे दिल्ली की सबसे युवा (43 साल) उट हैं। इससे पहले केजरीवाल 45 साल की उम्र में उट बने थे। आतिशी बतौर महिला सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित के बाद दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। आतिशी ने शिक्षा, PWD और वित्त समेत 13 विभाग अपने पास रखे। वहीं, सौरभ भारद्वाज को हेल्थ समेत 8 प्रमुख विभाग का जिम्मा दिया गया। आतिशी कालकाजी सीट से तीन बार की विधायक हैं।

### आतिशी के पास हैं 13 विभाग

उन्होंने लोक निर्माण विभाग, बिजली, शिक्षा, राजस्व, वित्त, योजना, सेवाएं, सतर्कता व जल सहित सभी 13 विभाग अपने रखे हैं। यह वह विभाग है, जिनमें सबसे अधिक काम होना है। ऐसे में आने वाले समय में उनके सामने काम को पटरी पर लाना चुनौतियां भी रहेंगी। हालांकि उनके मंत्रिमंडल में शपथ लेने वालों में चार मजबूत और अनुभवी साथी हैं। इनमें गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत के नाम शामिल हैं।

# जो भ्रष्टाचार के आरोप में जेल से बेल पर बाहर आए हैं, वह अपनी तुलना भगवान राम से करेंगे? : मनोज तिवारी

नई दिल्ली, प्रात : किरण

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने सोमवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग भ्रष्टाचार के आरोप में जेल से बेल पर बाहर आए हैं और अपनी तुलना भगवान राम से करेंगे? क्या भगवान राम पर भ्रष्टाचार के आरोप थे। ये लोग हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने में जरा भी नहीं झिझकते हैं और अरविंद केजरीवाल चिट्ठी लिखकर घर मांग रहे हैं। क्या राम जी ने घर मांगा था।

भगवान राम तो देवताओं की रक्षा के लिए अपना महल छोड़कर वन में चले गए थे। ये आम आदमी पार्टी वाले तो आज भी सनातन का अपमान करते हैं और कल भी करते आए हैं। जो संविधान का अपमान कर रहे हैं उसको हल्के में नहीं लेना चाहिए।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के बगल में रखी गई खाली कुर्सी पर मनोज तिवारी ने एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए कहा कि आज आतिशी ने मुख्यमंत्री पद पर बैठने के बाद दिल्ली से एक भद्दा मजाक किया है। दिल्ली के जख्मों पर उन्होंने नमक छिड़का है। आज दिल्ली शराब घोटाले और राजस्व के लूट से परेशान है। बिजली और पानी के बड़े बिलों से परेशान हैं, बुजुर्गों की पेंशन बंद होने से परेशान हैं, गरीब राशन कार्ड नहीं बनने से परेशान है। एमसीडी और पीडब्ल्यूडी के नाले बंद होने से जनता परेशान है। इसका निदान करने के लिए जब दिल्ली की जनता आतिशी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है, मैंने भी उनके मुख्यमंत्री बनने पर एक चिट्ठी लिखी है, उसमें भी यही सारी समस्याओं के बारे में बताया है, अब आप इन समस्याओं को दूर करें वह भी उतने समय में जितना समय आपके पास बचा हुआ है। मनोज तिवारी ने आगे कहा कि आतिशी ने



कह दिया मेरे बगल में एक खाली कुर्सी है, अब खाली कुर्सी पर कौन बैठा है? एक फिल्म मिस्टर इंडिया आई थी, क्या अरविंद केजरीवाल मिस्टर इंडिया की तरह वहां घड़ी पहनकर तो नहीं बैठ गए? अब जब आतिशी से आप सवाल करेंगे तो इसके जवाब देने की जिम्मेदारी कौन लेगा, क्योंकि अतिशी तो खाली कुर्सी दिखाकर अपनी जिम्मेदारी से भाग गई। कल यही बोलेंगे हमसे मत पूछिए मनोज तिवारी, इस खाली कुर्सी से पूछिए। दिल्ली के लोगों से बोलेंगे कि हमसे मत पूछिए खाली कुर्सी से पूछिए। यह आज संविधान के साथ एक अब बड़ा अपमानित करने वाला काम हुआ है और आतिश का यह कदम मुख्यमंत्री की पद पर बैठने की गरिमा को चुनौती देता है। उन्होंने आगे कहा कि देश संविधान, कानून और नियमों से चलता है आपने जिस तरह से मुख्यमंत्री पद का मजाक बना दिया है मुझे लगता है कि राष्ट्रपति और उपराज्यपाल को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। क्योंकि आप के नेताओं अरविंद केजरीवाल और आतिशी ने हस्यास्पद स्थिति पैदा कर दी है। मुख्यमंत्री के ऊपर कोई नहीं हो सकता है। दिल्ली के लिए मुख्यमंत्री 76 हजार करोड़ का बजट लेकर बैठी हुई हैं। एक भी पैसा एलजी के साइन करने से नहीं जाता है। अगर आप जिम्मेदारी संभालने की जगह खाली कुर्सी दिखा रही है मैं समझता हूं कि वास्तव में यह संविधान और दिल्ली की जनता का अपमान है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने बताया कि 26 -27 सितंबर को वो अपने संसदीय इलाके में रोजगार मेले का आयोजन करवाने जा रहे हैं। मैं अपने लोकसभा क्षेत्र के लोगों से प्रार्थना करता हूं कि मैं एक सांसद के रूप में टेक महिंद्रा के साथ मिलकर 26-27 सितंबर को अपनी लोकसभा में आपलोगों के लिए रोजगार मेला लगा रहा हूं। आपकी कुशलता और प्रतिभा के आधार पर सीधे आपका चयन नौकरी के लिए किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलौत की विधानसभा क्षेत्र के गांव नानकहेडी से चलने वाले रुट 834 पर बसों की भारी कमी, 15 मिनट की सेवा दी जाए



नई दिल्ली। ग्रामीण यात्री परिषद् के महामंत्री एवं कांगनहेडी गांव के निवासी ओर भगत सिंह कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार ने दिल्ली के परिवहन मंत्री ओर नजफगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री कैलाश गहलौत ओर डीटीसी के सिंधिया हाउस के अधिकारियों को ईमेल द्वारा पत्र भेजकर एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करके उनसे तत्काल रुट नंबर 834 नानकहेडी गांव से तिलक नगर के बीच वाया नजफगढ़ चलने वाले रुट पर बसों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि अभी बस ट्रिप का अंतराल एक से दो घंटे तक का है। नानक हेड़ी, बडूसराय, कांगनहेडी गांव के लोगों के लिए यह लाइफ लाईन रुट है। लेकिन इस रुट पर बसों की संख्या बहुत ही कम है। जिससे महिलाओं, विद्यार्थियों, कामकाजी लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इसलिए इस रुट 834 की बस सेवा 15 मिनट की करने की जरूरत है। इस रुट पर बसों की संख्या तत्काल बढ़ाई जानी चाहिए। साथ ही रेवला खानपुर डिपो से नजफगढ़ तक वाया कांगनहेडी, छावला चलने वाली शटल सेवा को भी पुनः शुरू करने की ग्रामीण जनता की पुरजोर मांग है। हजारों दैनिक यात्रियों को हो रही परेशानी से छुटकारा दिलाया जाए। यह रुट संख्या 834 दिल्ली के परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलौत के विधानसभा क्षेत्र के गांव का है। परिवहन मंत्री डीटीसी अधिकारी संवेदनशीलता से इस रुट की फ्रीक्वेंसी तत्काल प्रभाव से बढ़वा कर जनता को राहत दिलाएं।

### दिल्ली में यूपीएससी अभ्यर्थी का सड़ा-गला शव बरामद

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम दिल्ली में मुखर्जी नगर इलाके के एक वन क्षेत्र में एक सिविल सेवा अभ्यर्थी का सड़ा-गला शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राजस्थान के दौसा के रहने वाले दीपक कुमार मीना का शव 20 सितंबर को एक कोचिंग संस्थान के पुस्तकालय के पास वन क्षेत्र से बरामद किया गया था। वह कई दिनों से लापता था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मीना के आत्महत्या करने का संदेह है। उन्होंने कहा, सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई है और संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला है। मामले की जांच की जा रही है। मीना के पिता सी.एल. मीना ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए जुलाई में दिल्ली आया था। मीना के पिता ने बताया कि वह हर शाम घर पर फोन करता था और आखिरी बार उसकी परिवार के सदस्यों से 10 सितंबर को बात हुई थी। उन्होंने कहा कि 13 सितंबर तक उसने फोन नहीं किया तो वह दिल्ली पहुंचे और अपने बेटे की तलाश शुरू की।

### सैलजा 26 सितंबर को नरवाना में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी: सुरजेवाला

नई दिल्ली। हरियाणा में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा के विधानसभा चुनाव प्रचार से दूरी बनाने की खबरों के बीच पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने सोमवार को कहा कि सैलजा 26 सितंबर को नरवाना में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। सुरजेवाला ने एक्स पर लिखा, आज नरवाना में कांग्रेस प्रत्याशी सतबीर दबलैन के लिए 22 जनसभाओं को संबोधित करूंगा। पूरे ज़िले व हरियाणा में कांग्रेस की जीत का परचम फहरायेंगे। सांसद व बड़ी बहन कुमारी सैलजा भी नरवाना में 26 तारीख को 12 बजे जनसभा को संबोधित करेंगी व कांग्रेस के लिए प्रचार करेंगी।

# केजरीवाल के सवालों पर आरएसएस-भाजपा में सन्नाटा, कब जवाब देंगे मोहन भागवत?: संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात : किरण



- इन पांच सवालों में सच्चाई है और पूरा देश इसका जवाब चाहता है, लेकिन आरएसएस-भाजपा वाले जवाब नहीं दे पा रहे हैं- संजय सिंह
- आरएसएस ने 75 साल बाद भाजपा नेताओं को रिटायर करने का नियम बनाया था, आडवाणी समेत कई नेताओं पर यह लागू भी हुआ, तो क्या मोदी जी पर लागू नहीं होना चाहिए?- संजय सिंह
- एक तरफ केजरीवाल हैं, जिन्होंने सिद्धांतों व ईमानदारी के लिए दो-दो बार सीएम की कुर्सी छोड़ दी और दूसरी तरफ मोदी जी हैं, जो 75 साल में भी कुर्सी से चिपके रहना चाहते हैं- संजय सिंह

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से पूछे गए पांच सवालों का अभी तक जवाब नहीं आया है। इस पर आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने प्रश्न किया कि इन प्रश्नों का मोहन भागवत कब जवाब देंगे? जब से केजरीवाल ने यह प्रश्न पूछे हैं, आरएसएस और भाजपा में सन्नाटा पसरा है। इसका मतलब है कि इन सवालों में सच्चाई है और पूरा देश इसका जवाब चाहता है, लेकिन यह लोग इन सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। आरएसएस और भाजपा ने खुद यह नियम बनाया था कि 75 साल बाद भाजपा नेता रिटायर कर दिए जाएंगे। इसी नियम के तहत लालकृष्ण आडवाणी समेत कई नेताओं को रिटायर किया गया, तो क्या मोदी जी पर यह लागू नहीं होना चाहिए? उन्होंने कहा कि एक तरफ केजरीवाल हैं, जिन्होंने दो-दो बार सीएम की कुर्सी त्याग दिया और कहा कि हम सिद्धांतों, ईमानदारी और सच्चाई की लड़ाई लड़ेंगे और दूसरी तरफ मोदी जी हैं, जो 75 साल में भी कुर्सी से चिपके रहना चाहते हैं।

सोमवार को आम आदमी पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर संजय सिंह ने कहा कि अपने आपको देशभक्त और राष्ट्रवादी कहने वाली संस्था आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत से आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केवल पांच सवाल पूछे हैं और यह सवाल सिद्धांतों, वसूलों और सच्चाई से जुड़े हुए हैं। अरविंद केजरीवाल हिन्दुस्तान के वह व्यक्ति हैं, जिन्होंने वसूलों और सिद्धांतों पर मुख्यमंत्री के पद को एक बार नहीं, बल्कि दो बार त्याग दिया और कहा कि हम सिद्धांतों, वसूलों, ईमानदारी और सच्चाई की लड़ाई लड़ेंगे।

केजरीवाल ने पहले 49 दिन की सरकार से मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया। आज कोई चपरासी की नौकरी नहीं छोड़ना चाहता है।

जेल से बाहर आने के बाद जब वसूलों और सिद्धांतों की बात आई तो अरविंद केजरीवाल ने दो मिनट में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। देश के सामने यह बात खुली किताब की तरह है कि एक तरफ अरविंद केजरीवाल जैसे सच्चे और ईमानदार नेता हैं, जो मुख्यमंत्री की कुर्सी दो-दो बार छोड़ कर ईमानदारी, वसूलों और सच्चाई की लड़ाई लड़ते हैं और दूसरी तरफ भारत के प्रधानमंत्री हैं जो 75 साल में भी अपनी कुर्सी नहीं छोड़ना चाहते हैं। यही अरविंद केजरीवाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच में अंतर है। केजरीवाल के पांच सवालों का जवाब मोहन भागवत और भाजपा को देना चाहिए।

अरविंद केजरीवाल द्वारा आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से पूछे गए पांच सवालों का जिक्र करते हुए संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल का पहला प्रश्न है कि अपने आपको देशभक्त और राष्ट्रवादी कहने वाली आरएसएस क्या इस बात से सहमत है कि आज भाजपा एक अपहरण गैंग बन चुकी है। भाजपा पार्टियों को तोड़ने वाला एक गिरोह बन गई है। भाजपा द्वारा ईडी-सीबीआई का डर दिखाकर और करोड़ों रुपए का लालच देकर दूसरी पार्टियों के विधायकों, सांसदों व पार्टियों को तोड़ना और सरकारों को गिराना क्या सही काम है? इस पर आरएसएस प्रमुख की क्या राय है? दूसरा, मोदी जी ने जिन नेताओं को देश का सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी कहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा ने विपक्ष के 23 नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए और उनको अपनी पार्टी में शामिल कर क्लीन चिट दे दी। मोदी जी की वॉशिंग मशीन में धुल कर सभी पाक साफ हो गए। जिन नेताओं ने खुद मोदी जी, अमित शाह और भाजपा ने भ्रष्टाचारी बताया, जिन नेताओं पर 70 हजार करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप प्रधानमंत्री ने लगाए, उन्हें ही भाजपा में शामिल कर लिया। मोहन भागवत को यह कार्रवाई कैसी लगती है, क्या वास्तव में मोहन भागवत इन भ्रष्टाचारियों को भाजपा में शामिल करने पर सहमत हैं या असहमत हैं।

संजय सिंह ने तीसरे प्रश्न का जिक्र करते हुए कहा कि आरएसएस कहता है कि हम नैतिकवादी मूल्यों पर चलने वाले लोग हैं और आरएसएस कहता है कि हम राष्ट्रीय स्वयं सेवक हैं और राष्ट्र की सेवा करने के लिए आए हैं। भाजपा पर नजर रखने की जिम्मेदारी आरएसएस की थी ताकि वह पथ भ्रष्ट न हो पाए और पथ भ्रष्ट होने की कोशिश करे तो उस पर अंकुश लगाई जाए। क्या मोहन भागवत ने भाजपा के पथ भ्रष्ट होने और इन सब कार्रवाइयों पर कभी अंकुश लगाने की कोशिश की, क्या इन कार्रवाइयों से सहमत हैं या असहमत हैं।

### केजरीवाल के भागवत से पूछे गये सवालों के जवाब नहीं मिले: आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत से पूछे गए पांच सवालों का अभी तक जवाब नहीं आया है।

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि अपने आपको देशभक्त और राष्ट्रवादी कहने वाली संस्था आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत से श्री केजरीवाल ने केवल पांच सवाल पूछे हैं और यह सवाल सिद्धांतों, वसूलों और सच्चाई से जुड़े हुए हैं।

एक तरफ अरविंद केजरीवाल जैसे सच्चे और ईमानदार नेता हैं, जो मुख्यमंत्री की कुर्सी दो-दो बार छोड़ कर ईमानदारी, वसूलों और सच्चाई की लड़ाई लड़ते हैं और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जो 75 साल में भी अपनी कुर्सी नहीं छोड़ना चाहते हैं। श्री केजरीवाल के पांच सवालों का जवाब मोहन भागवत और भाजपा को देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि 75 साल की उम्र पूरी होने पर लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, बीसी खंडूरी, कलराज मिश्रा समेत तमाम नेताओं को पद से हटा दिया गया और चुनाव नहीं लड़ने दिया गया। उन्होंने कहा आरएसएस और श्री मोदी ने जो नियम पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के लिए बनाया, क्या वह नियम उन नेताओं को राजनीति से बेदखल करने और निपटाने के लिए बनाया। अगर आपने यह नियम बनाया है तो आप पर वह नियम क्यों नहीं लागू होगा।

## अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस पर बेटियों को शिक्षित, सक्षम, सशक्त ओर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया

### बेटियों के विवाह में धन लुटाने की बजाय बेटियों की शिक्षा में धन का निवेश कर बेटियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएं अभिभावक: शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय



नई दिल्ली, प्रात : किरण

नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट -रजि बरवाला दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स ने आज ट्रस्ट के मुख्यालय बरवाला में 17वें अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस पर सभी अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को शिक्षित, सक्षम, समर्थ, सशक्त ओर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लें। वत्स ने कहा कि बेटियां ईश्वर का अनमोल उपहार हैं। बेटियों को बेटों के समान या उससे कुछ अधिक ही स्नेह ओर सम्मान दिया जाना चाहिए। बेटी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षाविद् डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने बेटियों के अभिभावकों से अपील की है कि वे बेटियों की शादी में धन लुटाने की बजाय अपनी बेटियों की शिक्षा पर धन का निवेश करें। इससे वह उच्च शिक्षित होंगी ओर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बेटियां सक्षम, समर्थ ओर सशक्त होती हैं। राष्ट्र निर्माण में भारत की बेटियों ने अपने उच्च कीर्तिमान स्थापित किए हैं। बेटी है तो सब कुछ है। वत्स ने कहा कि जो दकियानूसी लोग आज भी बेटियों को बोझ समझते हैं वह अभागे हैं। ईश्वर ने उनके घर में बेटी के रूप में साक्षात देवी लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा का अवतार भेजा है। इसलिए बेटियों की परवरिश भी बेटों के समान करें। उन्हें स्नेह ओर सम्मान दें ओर यह संकल्प लें कि बेटी के लिए समान अवसर उपलब्ध कराएंगे।

## केजरीवाल की कुर्सी खाली छोड़ अन्य कुर्सी पर बैठ कर सरकार चलाएंगी आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कार्यभार संभालने के बाद कहा कि चार महीने बाद दिल्ली के लोग अपने प्यार और भरोसे के साथ दोबारा अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाएंगे, तब तक उनकी कुर्सी उनका इंतजार करेगी तथा वह किसी अन्य कुर्सी पर बैठकर सरकार चलायेंगी।

सुश्री आतिशी ने मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से कहा कि जिस तरह भरत ने 14 सालों तक भगवान श्रीराम की खड़ाऊ रखकर अयोध्या का शासन संभाला, उसी तरह अगले चार महीने तक वह दिल्ली की सरकार चलायेंगी।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम अपने पिताजी द्वारा दिए गए एक वचन को निभाने के लिए 14 साल तक वनवास में रहे इसलिए भगवान श्रीराम को मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उनकी जिंदगी हम सभी के लिए मयार्दा और नैतिकता की एक मिसाल है। बिल्कुल उसी तरह श्री केजरीवाल ने इस देश की राजनीति में मयार्दा और नैतिकता की मिसाल रखी है। पिछले दो साल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने श्री केजरीवाल पर कीचड़ उछालने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा ने उन पर झूठे मुकदमे लगाए, गिरफ्तार किया और छह महीने तक जेल में रखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब श्री केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय ने जमानत दी, तब न्यायालय ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी दुर्भावनापूर्ण थी। उन्होंने कहा कि कोई और नेता होता तो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने से पहले दो मिनट नहीं सोचता, लेकिन श्री केजरीवाल ने कहा कि वह तब तक इस कुर्सी पर नहीं बैठेंगे, जब तक दिल्ली के लोग उनकी ईमानदारी पर भरोसा नहीं दिखाते और उन्होंने मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी श्री केजरीवाल की है। उन्हें पूरा भरोसा है कि चार महीने बाद फरवरी में होने वाले चुनाव में दिल्ली के लोग अपने प्यार और भरोसे के साथ फिर से अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाएंगे। तब तक यह कुर्सी इसी कमरे में रहेगी और श्री केजरीवाल का इंतजार करेगी।

## आतिशी ने सीएम की कुर्सी खाली छोड़ी तो भाजपा ने कसा तंज

# कहा- सीएम नाटक और नौटंकी में नंबर वन

नई दिल्ली, प्रात : किरण

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने सोमवार को अपना पदभार संभाला लिया। हालांकि सीएम की कुर्सी पर बैठते ही आतिशी चर्चा में आ गईं। दरअसल, जिस कुर्सी पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बैठते थे, उसे उन्होंने खाली रखा है। जिसके बाद अब इस पर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा ने आतिशी के बगल में कुर्सी खाली रखने को लेकर कटाक्ष किया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता टॉम वडक्कन ने कहा कि, लोकसभा चुनाव में आप का सफाया हो गया, लेकिन इससे कोई सबक नहीं मिला। अभी तो उन्होंने कुर्सी खाली रखी है, हो सकता बाद में उनकी चप्पल रखे। जैसे रामायण में हुआ था। आतिशी नाटक और नौटंकी में नंबर वन है।

दिल्ली सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली की नई मुख्यमंत्री ऐसी चालें चलती रहेंगी क्योंकि उनकी अपनी कोई हैसियत नहीं है और वह अरविंद केजरीवाल के समर्थन से मुख्यमंत्री बनी हैं। वह एक कठपुतली सीएम हैं, केजरीवाल की वह कठपुतली हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि रिमोट कंट्रोल केजरीवाल के हाथ में है। जब तक उन्हें अदालत की तरफ से दोषी नहीं ठहराया जाता, यह नाटक चलता रहेगा।

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आतिशी की फोटो शेयर करते हुए लिखा, दिल्ली में ये ड्रामा बंद होना चाहिए। आज आतिशी मालेर्ना ने अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी के बगल में एक खाली कुर्सी रखकर पदभार संभाला। यानी आतिशी दिल्ली सरकार की मनमोहन सिंह हैं और असली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने फाइल साइन करना तो दूर, दिल्ली सचिवालय जाने से भी रोक दिया है। ये बाबा साहेब के बनाए संविधान का मखौल है। मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ मालेर्ना ने ली है, खाली कुर्सी पर बैठे केजरीवाल के भूत ने नहीं।

इससे पहले आतिशी ने एक्स पोस्ट पर सीएम पद संभालने के बाद लिखा, आज मैंने दिल्ली के मुख्यमंत्री की ज़िम्मेदारी संभाली है। आज मेरे मन में वो ही व्यथा है जो भरत के मन में थी जब उनके बड़े भाई भगवान श्री राम 14 साल के वनवास पर गए थे, और भरत जी को अयोध्या का शासन संभालना पड़ा था। जैसे भरत ने 14 साल भगवान श्री राम की खड़ाऊं रखकर अयोध्या का शासन संभाला, वैसे ही मैं 4 महीने दिल्ली की सरकार चलाऊंगी।

### चार महीने बाद इस कुर्सी पर बैठेंगे केजरीवाल : सीएम आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने अपनी कुर्सी के बगल में एक खाली कुर्सी रखी है। खुद को भरत बताते हुए दावा किया है कि श्री राम इस पर कुछ महीनों बाद बैठेंगे। नई सीएम के लिए श्री राम आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल हैं। मीडिया से रूबरू दिल्ली की सीएम ने कहा, पिता के एक वचन के खातिर जब भगवान श्री राम 14 साल के लिए वनवास गए थे तो भरत को अयोध्या का कार्यभार संभालना पड़ा था। जैसे भरत ने 14 साल तक भगवान राम की पादुकाएं संभाली और कार्यभार संभाला, वैसे ही अगले चार महीने तक मैं दिल्ली सरकार चलाऊंगी। इस दौरान आतिशी के बगल में एक खाली कुर्सी भी थी। जिस पर कभी पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बैठते थे। आतिशी ने कहा, भगवान श्री राम को मयार्दा पुरुषोत्तम कहा गया है। अरविंद केजरीवाल ने 10 साल के शासन में राजनीति में मयार्दा और नैतिकता की मिसाल कायम की है। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी ने केजरीवाल की छवि को खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। दो साल से लगातार अरविंद केजरीवाल को बदनाम किया गया। उन पर झूठे केस लगाए गए। उन्हें गिरफ्तार किया गया। अरविंद केजरीवाल को छह महीनों के लिए जेल में रखा गया। जब वह जेल से छूटे तो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ सकते थे। लेकिन, उन्होंने कुर्सी पर बैठना ठीक नहीं समझा। केजरीवाल ने कहा था, अगर जनता उन्हें ईमानदार मानती है तो वह उन्हें चुनकर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाएगी। फरवरी 2025 में विधानसभा के चुनाव हैं। तब तक यह कुर्सी इस कमरे में ऐसे ही रहेगी और अरविंद केजरीवाल के आने का इंतजार करेगी। जब केजरीवाल जीत कर आएंगे तो वह इस कुर्सी पर बैठेंगे। यह कुर्सी केजरीवाल की है। मुझे विश्वास है कि उन्हें दिल्ली की जनता चुनेगी। बता दें कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से निकलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। केजरीवाल को हाल ही में दिल्ली की कथित शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी।

# डीजेए पत्रकारों की समस्याओं को सरकार के समक्ष पुरजोर तरीके से रखेगी और उनके निवारण के लिए संघर्ष करेगी

- नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीजेए) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कार्यकारणी की पहली बैठक में कार्यभार सौंपा



नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीजेए) दिल्ली के पत्रकारों की समस्याओं को सरकार के समक्ष पुरजोर तरीके से रखेगी और उनके निवारण के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। डीजेए के 2024-2026 सत्र के लिए गठित कार्यकारणी की पहली बैठक एनयूजे(आई) के मुख्यालय 7, जंतर मंतर रोड, नई दिल्ली, पर आयोजित की गई। इस बैठक में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रास बिहारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री रास बिहारी और डीजेए के मुख्य चुनाव अधिकारी श्री अशोक किंकर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राकेश थपलियाल, महासचिव श्री प्रमोद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष श्री नरेश गुप्ता, उपाध्यक्ष श्री रामेश्वर दयाल, सुश्री अनिता चौधरी, सचिव श्री कृष्ण देव पाठक और श्री प्रिय रंजन सहित कार्यकारणी के सदस्यों को कार्यभार सौंपा। श्री रास बिहारी ने दिल्ली के पत्रकारों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में डीजेए के साथ जोड़ने और पत्रकारों के हित में हमेशा संघर्षरत रहने के साथ उनकी समस्याओं को सरकार तक पंहुचाने और उन्हे दूर करने में पूरी ताकत झोंकने पर जोर दिया। अध्यक्ष श्री राकेश थपलियाल, महासचिव श्री प्रमोद कुमार सिंह और कोषाध्यक्ष श्री नरेश गुप्ता ने सभी पत्रकारों का धन्यवाद करते हुए कहा कि पत्रकारों के हित के लिए सड़क से लेकर सत्ता के गलियारों तक जमकर संघर्ष करेंगे। सत्ता में शीर्ष पर बैठे लोगों तक आम पत्रकारों की समस्याओं को पहुंचाएंगे और उनका निवारण करवाएंगे। इस अवसर पर एनयूजे कार्यकारिणी के सदस्य श्री मनोज वर्मा ने भी डीजेए के इतिहास का जिक्र करते हुए तन, मन और धन से अपना पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिया।

### डीजेए के कार्यकारिणी सदस्यों

सुश्री प्रतिभा शुक्ला, सुश्री निवेदिता मदाने, डॉ अशोक बर्थवाल, श्री नवीन गौतम, श्री प्रदीप श्रीवास्तव, श्री राजेश भासीन, श्री आलोक मोहन नायक, श्री अमित गौड़, श्री मानवेंद्र कुमार, श्री सुशील देव, श्री कृष्ण कुमार तिवारी ने भी पत्रकारों के हित में आवाज बुलंद करने में सदेव आगे रहने का वादा किया।

डीजेए की कार्यकारिणी में यह तय किया गया कि वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए एक स्मारिका दीपावली से पूर्व प्रकाशित की जाएगी। पत्रकारिता के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा व ट्रेनिंग देने के लिए पत्रकारिता पढ़ाने वाले इंस्टीट्यूट, स्कूल व कॉलेजों से संपर्क कर उन्हें अनुभवी पत्रकार उपलब्ध कराए जाएंगे। जिससे विद्यार्थियों को बेहतर ज्ञान मिल सके।

# दिल्ली की एक अदालत ने अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक बढ़ाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण



दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दी है।

राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के ओखला से आप विधायक को न्यायिक हिरासत में अपना मेडिकल रिकॉर्ड साथ रखने की इजाजत दे दी। इसके अलावा, कोर्ट ने तिहाड़ जेल में इलेक्ट्रिक केतली और ग्लूकोज मॉनिटरिंग डिवाइस ले जाने की इजाजत मांगने वाले अमानतुल्ला खान के आवेदन पर जेल अधिकारियों से जवाब मांगा है। खान के आवेदन पर अगली सुनवाई 25 सितंबर को होगी।

पिछले हफ्ते, दिल्ली हाईकोर्ट ने अमानतुल्लाह खान की याचिका पर नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई 18 अक्टूबर को तय करते हुए जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने एजेंसी को खान की याचिका पर दो हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा था।

कथित घोटाले के मुख्य आरोपी अमानतुल्लाह खान को ईडी ने 2 सितंबर को उनके आवास पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था। यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की गई थी। वह सात दिनों की ईडी हिरासत में रहे। उनकी हिरासत 9 सितंबर को खत्म हो गई थी। इसके बाद कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ाते हुए उन्हें 23 सितंबर तक के लिए जेल भेज दिया था। अब कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दी है।

खान को इससे पहले अप्रैल में इसी मामले के सिलसिले में ईडी ने गिरफ्तार किया था, लेकिन दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी।

खान के खिलाफ ईडी की शिकायत दिल्ली वक्फ बोर्ड में अवैध कर्मचारियों की भर्ती और उसके बाद अपने सहयोगियों के नाम पर संपत्ति खरीदने के लिए धन के दुरुपयोग के आरोपों पर केंद्रित है।

यह मामला नवंबर 2016 का है, जब खान के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। उस समय खान वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष थे। शिकायत में उन पर बोर्ड में विभिन्न स्वीकृत एवं गैर-स्वीकृत पदों पर अवैध नियुक्तियां करने का आरोप लगाया गया था।

सीबीआई जांच के बाद यह पता चला कि खान ने जानबूझकर नियमों को नजरअंदाज करते हुए अपने करीबी सहयोगियों की नियुक्ति की थी। सीबीआई ने एक केस दर्ज किया, जिसे बाद में धन शोधन की जांच के लिए ईडी ने अपने हाथ में ले लिया।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES.
THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

ÖSEL®

# OSEL DEVICES LIMITED

Scan this QR code to view the Ad

CIN: U72200DL2006PLC152027

**THE COMMENCEMENT OF TRADING OF THE EQUITY SHARES OF OUR COMPANY ON THE EMERGE PLATFORM OF NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED ("NSE") SHALL BE WITH EFFECT FROM ON TUESDAY, SEPTEMBER 24, 2024**

Osel Devices Limited (the "Company" or the "Issuer") was incorporated on August 14, 2006 as a private limited company under the name and style of 'Innovative Infratech Soultions Private Limited', under the Companies Act, 1956, pursuant to a certificate of incorporation dated August 14, 2006 issued by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana. Subsequently, in order to rectify the transposition error in the name of our Company, pursuant to a resolution passed by our Board of Directors in its meeting held on November 6, 2013, and by the Shareholders in their Extraordinary General Meeting held on November 8, 2013, the name of our Company was changed to 'Innovative Infratech Solutions Private Limited' and a fresh certificate of incorporation dated November 22, 2013 was issued by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana. Subsequently, pursuant to a resolution passed by our Board of Directors in its meeting held on November 13, 2023, and by the Shareholders in their extraordinary general meeting held on December 15, 2023, in order to reflect the main business activity of the Company and for better branding, the name of our Company was changed to 'Osel Devices Private Limited' and a fresh certificate of incorporation dated January 16, 2024 was issued by the Registrar of Companies, Delhi and Haryana at Delhi. Further, our Company was converted into a public limited company pursuant to a resolution passed by our Board of Directors in its meeting held on March 15, 2024, and by the Shareholders in an extraordinary general meeting held on March 22, 2024 and consequently the name of our Company was changed to 'Osel Devices Limited' and a fresh certificate of incorporation dated May 2, 2024 was issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre. For details of change in Registered Office of our Company, please refer to the chapter titled "History and Certain Corporate Matters" on page 165 of the Prospectus.

**Registered office:** Office No.- 712, Naurang House K.G. Marg, Connaught Place, Central Delhi, New Delhi- 110 001, Delhi, India | **Telephone:** +91 116 666 7621 | **Facsimile:** N.A.
Corporate Office (Address where the books of accounts of our Company are maintained): Signature Tower, 1st Floor Plot No 3, Sector Knowledge Park-III, Sector 34, Gautam Buddha Nagar, Noida – 201 307, Uttar Pradesh, India.
**Telephone:** +91 120 635 1600 | **Facsimile:** N.A. | **E-mail:** info@oseldevices.com | **Website:** www.oseldevices.com;
**Contact Person:** Sandeep Kumar, Company Secretary & Compliance Officer;

## PROMOTERS OF OUR COMPANY: RAJENDRA RAVI SHANKER MISHRA AND JYOTSNA JAWAHAR

**ISSUE WAS MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON EMERGE PLATFORM OF NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED (NSE /SME NSE/ NSE EMERGE).**

**Our company has filed Prospectus dated September 20, 2024 with Registrar of Companies, Delhi. The Equity shares are proposed to be listed on Emerge Platform of National Stock Exchange of India Limited (NSE /SME NSE /NSE EMERGE) and trading will commence on Tuesday, September 24, 2024.**

## BASIS OF ALLOTMENT

**INITIAL PUBLIC OFFER OF 44,16,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF OUR COMPANY AT AN ISSUE PRICE OF ₹ 160 PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 150 PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING TO ₹ 7,065.60 LACS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH 2,21,600 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ 160 PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ 354.56 LACS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 41,94,400 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹160 PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING TO ₹ 6,711.04 LACS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE 27.38% AND 26.01% RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

### RISKS TO INVESTORS

- Our commercial success is largely dependent upon our ability to develop and design innovative products suitable for the requirements of our customers. Our inability to effectively utilize and manage our ability to develop and design innovative products would impact our business, revenue and profitability.
- Our Company is reliant on the demand from the healthcare industry for a significant portion of our revenue. Any downturn in the healthcare industry or an inability to increase or effectively manage our sales could have an adverse impact on our Company's business and results of operations.
- The commercial success of our products depends to a large extent on the success of the products of our end use customers. If the demand for the end use products in which our products are used as a raw materials declines, it could have a material adverse effect on our business, financial condition and results of operations.
- We depend on a few customers of our products, for a significant portion of our revenue, and any decrease in revenues or sales from any one of our key customers may adversely affect our business and results of operations.
- We generate our major portion of sales from our operations in certain geographical regions. Any adverse developments affecting our operations in these regions could have an adverse impact on our revenue and results of operations.
- The Merchant Banker associated with the Issue has handled only 7 (seven) public issue in the past three years.
- Average cost of acquisition of Equity Shares for the Promoters are as under:

| NAME | WACA in ₹ per equity share |
|---|---|
| Rajendra Ravi Shanker Mishra | 1.61 |
| Jyotsna Jawahar | 1.61 |

- The Issue Price at the upper end of the Price Band is ₹ 160.00 per Equity Share.
- The Weighted average cost of acquisition compared to floor price and cap price:

| Types of transactions | Weighted average cost of acquisition (₹ per Equity Shares) | Floor price (i.e. ₹ 155) | Cap price (i.e. ₹160) |
|---|---|---|---|
| WACA of Primary Issuance (except for bonus issue) (exceeding 5% of the pre issue capital) | NA* | NA* | NA* |
| WACA for secondary sale / acquisition (exceeding 5% of the pre issue capital) | NA* | NA* | NA* |

*As there were no primary issue issuance, secondary sale / acquisition in last 18 months exceeding 5% of pre issue capital from the date of the Red Herring Prospectus.*

- The Weighted average cost of acquisition of all Equity Shares transacted in the last one year, 18 months and three years from the date of RHP is as given below:

| Period | Weighted Average Cost of Acquisition* (in ₹) | Upper end of the Price Band (₹ 160) is 'X" times the weighted Average cost of Acquisition | Range of acquisition price: Lowest Price - Highest Price (in ₹) |
|---|---|---|---|
| Last 1 year / Last 18 months | 10.00 | 16.00 | 10.00 – 10.00 |
| Last 3 years | 10.00 | 16.00 | 10.00 – 10.00 |

**Disclosure of past issues handled by Horizon Management Private Limited is as follows:**

Price Information of past issues handled by the Lead Manager

**SME:**

| Sr. no. | Issue Name | Issue size (₹ In Cr.) | Issue Price (₹) | Listing date | Opening price on listing date | +/- % change in Price on closing price, [+/- % change in closing benchmark]- 30th calendar days from listing* | | +/- % change in Price on closing price, [+/- % change in closing benchmark]- 90th calendar days from listing* | | +/- % change in Price on closing price, [+/- % change in closing benchmark]- 180th calendar days from listing* | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Cosmic CRF Limited | 57.21 | 314 | June 30, 2023 | 251.20 | -17.17% | 2.80% | -21.66% | 1.71% | 95.86% | 11.31% |
दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। हालांकि, आतिशी ने सीएम ऑफिस में वह कुर्सी खाली रखी है जिस पर अरविंद केजरीवाल बैठते थे। केजरीवाल की तुलना भगवान राम से करते हुए आतिशी ने कहा है कि वह भरत की तरह सरकार चलाएंगी। दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इसे संविधान को कलंकित करने वाला दृश्य बताया है ।सचदेवा ने बताया कि आज जो दृश्य देखने को मिला, वह संविधान को कलंकित करने वाला है। संविधान के नियमों के तहत कुछ नियमों, कुछ कानूनों का पालन करना होता है। लेकिन, आज दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली की छवि को कलंकित करने का काम किया है। अगर यही सब ड्रामा करना था तो शपथ लेने की जरूरत नहीं थी। वह जमानत पर छूटे एक भ्रष्ट व्यक्ति पर ईमानदारी का टैग लगाना चाहती हैं, जो संभव नहीं है। आप जो ड्रामा कर रहे हैं, वह गलत है। उन्होंने कहा,आजकल दिल्ली में हर जगह रामलीला चल रही है। मैं लोगों से कहूंगा कि अगर दिल्ली में कहीं भी भ्रष्टाचार की रामलीला चल रही है, तो इन लोगों को बुलाओ। सीएम आतिशी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आप सरकार क्यों चलाते हो, आप पहले दिन ड्रामा कर रहे हो, आपको बताना चाहिए था कि दिल्ली में बढ़ी हुई बिजली की कीमतें कैसे कम होगी, लोगों को शुद्ध पानी कैसे मिलेगा, दिल्ली की समस्याएं कब सुधरेगी, दिल्ली के लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है उसे आप कैसे ठीक करोगे, नालों की सफाई नहीं हो रही है उसे आप कैसे ठीक करोगे, स्वास्थ्य विभाग में लोगों को कैसे परमानेंट करोगे। इन सब मुद्दों पर बात ना करके आप सिर्फ दिल्ली के लोगों को लूटना चाहते हो, उन्हें ठगना चाहते हो और इस तरह का ड्रामा दिखाकर आतिशी दिल्ली के लोगों को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है ।इधर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आतिशी की फोटो शेयर करते हुए लिखा,दिल्ली में ये ड्रामा बंद होना चाहिए। आज आतिशी मालेर्ना ने अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी के बगल में एक खाली कुर्सी रखकर पदभार संभाला। यानी आतिशी दिल्ली सरकार की मनमोहन सिंह हैं और असली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने फाइल साइन करना तो दूर, दिल्ली सचिवालय जाने से भी रोक दिया है। ये बाबा साहेब के बनाए संविधान का मखौल है। मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ मालेर्ना ने ली है, खाली कुर्सी पर बैठे केजरीवाल के भूत ने नहीं। इससे पहले आतिशी ने एक्स पोस्ट पर सीएम पद संभालने के बाद लिखा, ह्वआज मैंने दिल्ली के मुख्यमंत्री की ज़िम्मेदारी संभाली है। आज मेरे मन में वो ही व्यथा है जो भरत के मन में थी जब उनके बड़े भाई भगवान श्री राम 14 साल के वनवास पर गए थे, और भरत को अयोध्या का शासन संभालना पड़ा था। जैसे भरत ने 14 साल भगवान श्री राम की खड़ाऊं रखकर अयोध्या का शासन संभाला, वैसे ही मैं 4 महीने दिल्ली की सरकार चलाऊंगी।

# 25 सितंबर को विंटर एक्शन प्लान लॉन्च करेगी आप सरकार : गोपाल राय

नई दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री आतिशी के कार्यभार संभालते ही आम आदमी पार्टी की सरकार प्रशासनिक कार्यों में जुट गई है। सोमवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक मीडिया संस्थान से बातचीत के दौरान बताया कि 25 सितंबर तक सरकार ह्यविंटर एक्शन प्लानह्न लॉन्च करेगी। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने बताया कि आतिशी ने विशेष परिस्थियों में दिल्ली का कार्यभार संभाला है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में जो काम दिल्ली की बेहतरी के लिए चल रहा था, अब उनको पूरा करना हमारा दायित्व है। हमारी सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती सर्दियों में दिल्ली में प्रदूषण के स्तर को कम करना है। सरकार पहले से इसकी तैयारी कर रही है। इस समस्या को लेकर हमने एक्सपर्ट और सभी अधिकारियों के साथ मीटिंग की है। सभी जगहों से विंटर एक्शन प्लान को लेकर रिपोर्ट आ गई है। गोपाल राय ने बताया कि हम 27 सितंबर को ह्यविंटर एक्शन प्लानह्न लॉन्च करने की तैयारी में थे। लेकिन, 26 और 27 सितंबर को दिल्ली विधानसभा का सत्र होने जा रहा है। इसलिए हम अब 25 सितंबर को इसे लॉन्च करेंगे। आतिशी ने मुख्यमंत्री का पदभार संभाला, लेकिन वो कुर्सी पर नहीं बैठीं और कहा कि वो भरत की तरह दिल्ली का सरकार चलाएंगी। इस पर मंत्री गोपाल राय ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सबको पता है कि आतिशी ने किन परिस्थितियों में मुख्यमंत्री का पदभार संभाला है। हम सभी चुनाव तक टीम की तरह दिल्ली की बेहतरी के लिए काम करेंगे। बता दें कि दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने अपनी कुर्सी के बगल में एक खाली कुर्सी रखी है। खुद को भरत बताते हुए दावा किया है कि श्री राम इस पर कुछ महीनों बाद बैठेंगे। नई सीएम के लिए आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल श्री राम हैं। मीडिया से रूबरू दिल्ली की सीएम ने कहा, पिता के एक वचन के खातिर जब भगवान श्री राम 14 साल के लिए वनवास गए थे, तो भरत को अयोध्या का कार्यभार संभालना पड़ा था। जैसे भरत ने 14 साल तक भगवान राम की पादुकाएं संभाली और कार्यभार संभाला, वैसे ही अगले चार महीने तक मैं दिल्ली की सरकार चलाउंगी।

## उच्च न्यायालय ने किशोरी के साथ प्रेम संबंध को लेकर युवक के खिलाफ पॉक्सो मामला बंद किया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 19 वर्षीय युवक और एक किशोरी के बीच प्रेम संबंध से उत्पन्न पॉक्सो मामले में आपराधिक कार्यवाही बंद कर दी और कहा है कि यदि प्राथमिकी रद्द नहीं की गई तो तीन व्यक्तियों झ वे दोनों और उनके नवजात शिशु झ का जीवन बर्बाद हो जाएगा। अदालत ने कहा कि वह ह्यह्यअसाधारण परिस्थितियों के मद्देनजर मानवीय आधार पर आदेश पारित कर रही है, क्योंकि उसने पाया कि याचिकाकर्ता युवक और मामले में 17 वर्षीय पीड़िता पड़ोसी थे और उन्होंने अपनी मर्जी से अगस्त 2023 में शादी की थी। पुलिस को इस मामले की सूचना उस वक्त दी गई, जब किशोरी अपनी गर्भावस्था के अंतिम चरण में एक अस्पताल गई और चूंकि वह नाबालिग थी, इसलिए वहां के अधिकारियों ने पुलिस को सूचित किया तथा भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत कथित अपराध के लिए एक प्राथमिकी दर्ज की गई। किशोरी ने अगस्त में एक बच्चे को जन्म दिया और याचिकाकर्ता को सितंबर में गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने हाल में दिए एक फैसले में कहा,इन तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, इस अदालत का यह मानना है कि कि पीड़िता अपने नवजात बच्चे के साथ अपने माता-पिता के साथ रह रही है, याचिकाकर्ता वयस्क है; यदि प्राथमिकी को रद्द नहीं किया जाता है, तो यह बच्चे पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा, जिसे अपने माता-पिता से संरक्षण और देखभाल की आवश्यकता है। ऐसा नहीं होने पर यह तीन व्यक्तियों – युवक एवं किशोरी और नवजात शिशु के जीवन को बर्बाद कर देगा। अदालत ने आदेश दिया, इस तरह याचिका स्वीकार की जाती है। परिणामस्वरूप, भारतीय दंड संहिता की धारा 363/366/376/506 और पॉक्सो अधिनियम की धारा छह के तहत दर्ज प्राथमिकी तथा उनसे उपजी कार्यवाही रद्द की जाती है। याचिकाकर्ता ने अदालत में कहा कि दोनों पक्ष (युवक और किशोरी) एक-दूसरे को बचपन से जानते थे और उनके बीच सहमति से यौन संबंध थे, जिसके परिणामस्वरूप शादी के बाद किशोरी गर्भवती हो गई। पुलिस ने इस आधार पर मामला रद्द करने पर आपत्ति जताई कि चूंकि लड़की नाबालिग है, इसलिए वह कानूनी तौर पर सहमति देने में सक्षम नहीं है ।,आदेश में अदालत ने कहा कि उसने किशोरी और उसके माता-पिता के साथ व्यापक बातचीत की, जो इस रिश्ते के बारे में जानते थे। इसने जिक्र किया कि किशोरी ने खुद कहा है कि उसके और याचिकाकर्ता के बीच ह्यह्यप्रेम संबंध थे और बच्चा उनका है और उसने अस्पताल द्वारा मामले की सूचना दिये जाने के बाद प्रसव पीड़ा से पहले पुलिस को बयान दिया था। आदेश में यह भी कहा गया है कि किशोरी की कानूनी अभिभावक होने के नाते, उसकी मॉं ने भी कहा कि उसे प्राथमिकी रद्द करने पर कोई आपत्ति नहीं है और अदालत के समक्ष एक समझौता विलेख भी प्रस्तुत किया गया।

# संविधान, मुख्यमंत्री पद का घोर अपमानः आतिशी के कुर्सी खाली छोड़ने पर भाजपा, कांग्रेस ने कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा और कांग्रेस ने सोमवार को दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री आतिशी पर उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठने के फैसले को लेकर हमला बोला और कहा कि उनका यह कदम संवैधानिक नियमों और मुख्यमंत्री पद का घोर अपमान है। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली की आठवीं मुख्यमंत्री का प्रभार संभाला और कहा कि वह उसी तरह काम करेंगी, जैसे भरत ने अपने बड़े भाई भगवान राम की ह्यखड़ाऊं को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर काम किया था। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं और उन्होंने कहा कि केजरीवाल की कुर्सी खाली रहेगी। वह केजरीवाल की कुर्सी के बगल में रखी सफेद रंग की एक अन्य कुर्सी पर बैठीं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी की आलोचना करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री के पद का अपमान है।

भाजपा नेता ने कहा, उन्होंने (आतिशी) जो किया है वह आदर्श नहीं है। अपने आचरण से उन्होंने न केवल मुख्यमंत्री पद का अपमान किया बल्कि दिल्ली के लोगों की भावनाएं भी आहत की हैं। अरविंद केजरीवाल को जवाब देना चाहिए कि क्या वह रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाएंगे। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि केजरीवाल की कुर्सी खाली रखने के अपने कदम से आतिशी ने खुद को एक कठपुतली मुख्यमंत्री साबित कर दिया है। उन्होंने कहा,मुझे इस बात पर सख्त आपत्ति है कि भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद रहे एक व्यक्ति की तुलना भगवान राम से की जा रही है। आतिशी ने सारी हदें पार कर दी हैं और खुद को एक कठपुतली मुख्यमंत्री के रूप में पेश किया है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) ने एक बार फिर संविधान का अपमान किया है और साबित कर दिया है कि आतिशी एक कठपुतली मुख्यमंत्री हैं। तिवारी ने कहा, जब कार्यालय में मुख्यमंत्री हो तो खाली कुर्सी का क्या मतलब है? यह कृत्य दिखाता है कि वह एक कठपुतली मुख्यमंत्री हैं और यह संविधान का घोर अपमान है।

## डूसू चुनाव को लेकर मुख्य चुनाव अधिकारी ने उम्मीदवारों को बैनर-पोस्टर हटाने के दिए निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव 2024-25 को लेकर सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी की ओर से जारी इस अधिसूचना के अनुसार उम्मीदवारों को लिंगदोह समिति की सिफारिशों में उल्लिखित प्रावधानों और सीमाओं का पालन करने का निर्देश दिया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. सत्यपाल सिंह ने सोमवार को कहा कि डूसू चुनाव कार्यालय द्वारा बैनर, पोस्टर के प्रदर्शन और विभिन्न उम्मीदवारों द्वारा रैलियों और प्रचार के अन्य तरीकों में इस्तेमाल किए जाने वाले वाहनों की संख्या पर कड़ी नजर रखी जा रही है। ये लिंगदोह समिति की सिफारिशों में उल्लिखित सीमाओं के भीतर ही होने चाहिए। जारी अधिसूचना में उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से निर्देश दिया गया है कि उक्त मेल की प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर अपने नाम और मतपत्र संख्या वाले बैनर और मुद्रित पोस्टर हटाए जाएं, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। डूसू चुनाव 2024-25 लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को आचार संहिता, लिंगदोह समिति के दिशा-निदेर्शों, एनजीटी के आदेश, दिल्ली संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम, 2007 (दिल्ली अधिनियम 1, 2009) (जैसा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा द्वारा 31 मार्च 2008 को पारित किया गया) (17 जनवरी, 2009) और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में संपत्तियों के विरूपण की रोकथाम और उससे जुड़े या उसके प्रासंगिक मामलों के लिए अधिनियम को डूसू चुनावों में कड़ाई से पालन करने की सलाह दी गई है।

## आईपी यूनिवर्सिटी के बीएससी-एमएससी डूअल डिग्री प्रोग्राम में 30 सितंबर तक आवेदन का अवसर



नई दिल्ली, एजेंसी

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के बीएससी-एमएससी डूअल डिग्री प्रोग्राम में दाखिले के लिए 30 सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है। इस प्रोग्राम में सीयूईटी यूजी 2024 स्कोर के अलावा पीसीएम की मेरिट के आधार पर भी दाखिले दिए जाएंगे। आवेदन के लिए यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर गूगल फॉर्म के अलावा क्यूआर कोड भी उपलब्ध है। इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए ऑफलाइन काउंसलिंग 30 सितंबर को द्वारका कैम्पस में आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग के दिन ही दस्तावेज सत्यापन के बाद रैंक के अनुसार सीटों का आवंटन भी कर दिया जाएगा। इस प्रोग्राम की काउंसलिंग में वही उम्मीदवार भाग ले सकते हैं, जिन्होंने सीयूईटी यूजी 2024 स्कोर या पीसीएम के अंकों के आधार पर ऑनलाइन आवेदन किया है। काउंसलिंग के लिए आवेदक को यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के पक्ष में निर्गत 1,01,500 रुपये का बैंक ड्राफ़्ट, सीईटी एडमिट कार्ड, रैंक कार्ड और चार पासपोर्ट आकर के फोटो लाना आवश्यक है। जिन्होंने इस प्रोग्राम की काउंसलिंग के लिए अभी तक आवेदन नहीं किया है वे यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फॉर्म या क्यूआर कोड के जरिए 30 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। यह चार-वर्षीय प्रोग्राम यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंस में उपलब्ध हैं जिसमें कुल 180 सीटें उपलब्ध हैं। फि ज़िक्स, केमिस्ट्री और मैथ में 60-60 सीटें हैं। इस प्रोग्राम के महत्व को रेखांकित करते हुए यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ बेसिक एंड अप्लाइड साइयन्स के डीन प्रो. अनिंदया दत्ता ने बताया प्लेस्मेंट के समय कंपनियां अब बी. टेक ग्रेजुएट की तुलना में साइंस ग्रेजुएट को तरजीह दे रही हैं।

**विधानसभा** | पूरे देश में केवल दिल्ली-पंजाब में मुफ्त व 24 घंटे बिजली मिलती है, हरियाणा, यूपी समेत भाजपा शासित सभी राज्यों में सबसे महंगी बिजली मिलती है - केजरीवाल

# हरियाणा को केवल आपदे सकती है मुफ्त बिजली, शानदार स्कूल-अस्पतालः केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के डबवाली विधानसभा से पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में विशाल रोड शो कर जनता से समर्थन मांगा। रोड शो में उमड़ी क्षेत्र की जनता ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा की जनता को केवल हमारी सरकार मुफ्त बिजली, शानदार स्कूल-अस्पताल दे सकती है। ये पार्टियां नहीं दे सकतीं। आज पूरे देश में केवल दिल्ली-पंजाब में मुफ्त व 24 घंटे बिजली मिलती है, जबकि हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश समेत भाजपा शासित सभी राज्यों में सबसे महंगी बिजली मिलती है। उन्होंने अपील कर कहा कि पहले आप दिल्ली के सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक को देखकर आएं, फिर आम आदमी पार्टी को वोट करें। उन्होंने कहा कि यह लोग मेरी ईमानदारी से डरते हैं। इसलिए इन्होंने मेरे ऊपर झूठे लांछन लगाए और मुझे जेल भेजा, ताकि जनता को लगे कि केजरीवाल ने कुछ किया होगा।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने पांच महीने तक जेल में रखा। जेल से छूट कर मैं आपके बीच में आया हूं। मेरा क्या कसूर था? पिछले 10 साल से मैं मुख्यमंत्री के तौर दिल्ली की जनता की सेवा कर रहा हूं। पूरी ईमानदारी के साथ दिल्ली मे सरकार चलाई। पूरे देश में केवल दिल्ली और पंजाब राज्य है, जहां मुफ्त और 24 घंटे बिजली मिलती है। वहीं, हरियाणा, गुजरात और उत्तर प्रदेश समेत जहां पर भाजपा की सरकारें हैं, वहां पर सबसे महंगी बिजली मिलती है। उन्होंने हरियाणा की जनता से पूछा कि सस्ती और फ्री बिजली देने वाला चोर है या महंगी बिजली देने वाला चोर है।



अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 10 सालों में मैंने दिल्ली में शानदार स्कूल बनाए और शिक्षा माफिया का खात्मा किया। पानी, बिजली फ्री कर दी। लोगों के लिए अच्छी सड़कें बनाईं, शानदार मोहल्ला क्लीनिक और सरकारी अस्पताल बनाएं। फिर भी ये लोग कहते हैं कि केजरीवाल चोर है। ये लोग मेरी ईमानदारी से डरते हैं। इनका मकसद था कि केजरीवाल पर कीचड़ फेको, लांछन लगाओ, जेल भेज दो तो जनता को लगेगा कि केजरीवाल ने कुछ किया होगा। लेकिन आज मैं जेल से निकल कर बाहर आ गया हूं तो पूरी दिल्लीवाले कह रहे हैं कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार हैं। पूरी दुनिया में कोई नहीं मानता है कि केजरीवाल चोर है। जेल से आकर मैंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। आज के जमाने में कोई चपरासी की नौकरी नहीं छोड़ता है। मैंने सीएम के पद से इस्तीफा दे दिया और दिल्ली की जनता से कहा कि अगर आप मानते हैं कि केजरीवाल ईमानदार है, तभी मुझे वोट देना। आप दोबारा वोट देकर मुझे जिताएंगे तभी मैं सीएम की कुर्सी पर बैठूंगा, वरना नहीं बैठूंगा।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन्होंने जेल में मुझे तोड़ने की कोशिश की। तरह-तरह की यातनाएं दी, मैं शुगर का मरीज हूं, लेकिन इन्होंने मेरी इंसुलिन बंद कर दी। मेरी किडनी खराब हो सकती थी। मुझे इंसुलिन लेने के लिए कोर्ट से अनुमति लेनी पड़ी थी। तरह-तरह से मानसिक उत्पीड़न कर मुझे तोड़ना चाहते थे। ये लोग बार-बार कहते थे कि एनडीए में शामिल हो जाओ। लेकिन इनको यह नहीं पता है कि मैं हरियाणा का हूं। ये लोग किसी को भी तोड़ सकते हैं, लेकिन हरियाणा वाले को नहीं तोड़ सकते। मुझे फक्र है कि मैं हरियाणा का हूं। मैंने अपने काम की बदौलत पूरे देश और पूरी दुनिया में हरियाणा का नाम रौशन किया है। हरियाणा से पढ़-लिखकर निकलने के बाद आपके बेटे केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब में सरकार बना ली। आज दिल्ली और पंजाब में जो काम हो रहे हैं, आजादी के बाद किसी भी पार्टी की सरकार ने उस किस्म के काम नहीं किए हैं। दिल्ली-पंजाब में 24 घंटे और फ्री बिजली कर दी। हरियाणा की जनता ने मौका दिया तो यहां भी बिजली फ्री कर दूंगा। लेकिन ये पार्टियां बिजली फ्री नहीं कर सकतीं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोग पूछ रहे हैं कि क्या आम आदमी पार्टी की सरकार बन रही है? मैं उनसे कहता हूं कि आम आदमी पार्टी के बिना भी हरियाणा में सरकार नहीं बन रही है। हरियाणा में जो भी सरकार बनेगी, वह आम आदमी पार्टी के समर्थन से ही बनेगी।

# एक देश एक चुनाव-लाभ अनेक




-मृत्युंजय दीक्षित-


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में राष्ट्रहित के संकल्पों को पूर्ण करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहे हैं, इसी कड़ी के अंतर्गत उन्होंने बहु प्रतीक्षित एक देश-एक चुनाव का संकल्प पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण पहल कर दी है। लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर मोदी कैबिनेट ने, एक देश एक चुनाव पर उठ रहे प्रश्नों पर विराम लगा दिया है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से अपना सन्देश देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक देश एक चुनाव पर आगे बढ़ने के संकेत दिये थे और अब कैबिनेट ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समिति की अनुशंसा को मंजूरी प्रदान कर दी है। एक देश एक चुनाव, परिकल्पना को कैबिनेट की मंजूरी प्राप्त हो जाने के बाद राजनैतिक दलों के बीच सहमति बनाने की जिम्मेदारी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, किरन रिजिजू व कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को दी गई है। एक देश एक चुनाव को लेकर गठित समिति ने इस विषय पर सभी प्रमुख राजनैतिक दलों से विचार विमर्श किया था जिनमें 32 राजनैतिक दल इसके समर्थन में और 15 विरोध में थे। अब इस बात की प्रबल संभावना बन गई है कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में इस हेतु आवश्यक संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किये जाएंगे और ऐसा माना जा रहा है कि सरकार ने इन सभी विधेयको को पारित करवाने के लिए प्रबंध भी लगभग कर लिया है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में वर्ष 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं उस समय संपूर्ण भरत मे कांग्रेस व उसके समर्थित दलों की सरकारें ही राज्य विधानसभाओं में हुआ करती थीं। चुनाव आयोग ने वर्ष 1982 में फिर उसके बाद जस्टिस बी. बी. जीवन की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश की थी। वर्ष 2018 में जस्टिस बी एस चौहान की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने एक ड्राफ्ट रिपोर्ट में एक साथ चुनाव की बात करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 83, 85, 172, 174 और 356 में संशोधन करने होंगे। वर्ष 2015 में संसद की स्थायी समिति ने भी दो चरणों में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव कराने की सिफारिश की थी।

राजनैतिक दृष्टिकोण से यह बहुत ही हैरान करने वाली बात है कि कांग्रेस पूर्वज पहले तो एक देश एक चुनाव का समर्थन कर रहे थे किंतु जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाया है और उसे लागू करने के लिए पूर्णता की ओर बढ़ रही है तब से कांग्रेस व उसके सहयोगी दल जिन्होंने इंडी गठबंधन बनाया है एक देश एक चुनाव की व्यवस्था का विरोध करने लगे हैं। सभी राजनैतिक दलों का मानना है कि भारत में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक तथा असंभव है। कई नेता इसे प्रधानमंत्री व भाजपा सरकार का मात्र एक शिगूफा कह रहे हैं। एक देश एक चुनाव की नीति का क्षेत्रीय दलों द्वारा विरोध किए जाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि उन्हें आशंका है कि भारत में यह प्रणाली लागू हो जाने के बाद उनका अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। भारत में कई दलों का अस्तित्व बार बार होने वाले चुनावों के कारण ही संभव है।

# सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने की जरूरत

क्या किसी को बताने की जरूरत है कि अब भी देश के ग्रामीण भागों में अनुभवी डॉक्टरों की भारी कमी है? ग्रामीण भारत की जनता बीमार होने पर बड़े शहरों के अस्पतालों में पहुंचती है। हर रोज राजधानी दिल्ली के एम्स, राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल, गंगा राम अस्पताल वगैरह में हजारों ग्रामीण दूर-दराज के राज्यों से इलाज के लिए पहुंचते हैं। अगर उनके गांवों के पास पर्याप्त डॉक्टर और श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध हों तो वे क्यों सैकड़ों मील चलकर दूर आयेंगे? सरकारी डॉक्टरों की उम्र बढ़ाने से गांवों में डॉक्टरों की कमी को कुछ हद तक पूर किया जा सकता है। ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है।





-आर.के. सिन्हा-
(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

भारत अपने नागरिकों को सेहतमंद रखने के लिए तुरंत एक अहम कदम यह उठा सकता है कि वह केन्द्र और राज्य सरकारों की सेवाओं से जुड़े हुए सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ा दे। पिछले कुछ दशकों में भारतीयों की औसत उम्र में भी लगातार सुधार हो रहा है। भारत ने स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी और जीवन स्तर में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत में औसत उम्र का दर 1950 में लगभग 37 वर्ष से बढ़कर अब लगभग 70 वर्ष की हो गई है। हालांकि, डॉक्टरों की रिटायरमेंट की आयु इन परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बैठ पाई है। डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई है, पर इसे और बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में अनुभवी डॉक्टरों की कमी है। वक्त का तकाजा है कि डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को 70 वर्ष तक कर दिया जाए। आपको देश भर में हजारों अनुभवी डॉक्टर मिल जाएंगे जो 70 साल तो छोड़िए 75 और उससे भी अधिक उम्र में प्रैक्टिस कर रहे हैं। राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल से जुड़े हुए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. करौली तो 90 साल की उम्र तक रोगियों को रोज चार- पांच घंटों तक देखा करते थे। वे नेहरू जी से लेकर शास्त्री जी के भी चिकित्सक थे। मुंबई में भी 80 से ज्यादा वसंत देखने के बाद भी मशहूर डॉक्टर डॉ. बी.के. गोयल एक्टिव थे। इस तरह के सैकड़ों उदाहरण आपको मिल सकते हैं।

भारत में आने वाले सालों में अनेकों नए मेडिकल कॉलेज स्थापित होने जा रहे हैं। सरकार की कोशिश है कि हर साल देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 50 हजार से ज्यादा डॉक्टर देश को मिलें। इनके अलावा वे डॉक्टर भी हैं जो भारत के बाहर जाकर मेडिसन की डिग्री लेकर आते हैं। आप मान सकते हैं कि देश के हेल्थ सेक्टर में डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि लगातार होती रहेगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अनुभवी और वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लाभ देश के हेल्थ सेक्टर को मिलता रहे। यह बात इसलिए कही जा रही है, क्योंकि अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल मानते हैं कि सरकारी डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 70 करने से न केवल अनुभवी डॉक्टरों की कमी दूर होगी, बल्कि; युवा चिकित्सकों को जरूरी मार्गदर्शन भी मिलता रहेगा।

दरअसल मेडिसन की दुनिया में अनुभव का बहुत अधिक महत्व होता है। यहां पर जब कोई नौजवान मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेता है, उसके बाद वह अपने अध्यापकों के अलावा वरिष्ठ और अनुभवी डॉक्टरों के संपर्क में लगातार रहता है मार्गदर्शन के लिए। इसलिए बहुत जरूरी है कि वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लंबे समय तक लाभ उन्हें मिलता रहे जो इस पेशे में आ रहे हैं। वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव और इस पेशे में आए नए डॉक्टर मिल-जुलकर मरीजों के रोगों के उपचार को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इस रोशनी में सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र को बढ़ाना एक जरूरी कदम हो सकता है। चूंकि डॉक्टर अपने स्वास्थ्य पर बहुत ध्यान देते हैं इसलिए वे 70 साल की उम्र तक तो पूरी तरह से काम करने लायक होते हैं।

क्या किसी को बताने की जरूरत है कि अब भी देश के ग्रामीण भागों में अनुभवी डॉक्टरों की भारी कमी है? ग्रामीण भारत की जनता बीमार होने पर बड़े शहरों के अस्पतालों में पहुंचती है। हर रोज राजधानी दिल्ली के एम्स, राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल, गंगा राम अस्पताल वगैरह में हजारों ग्रामीण दूर-दराज के राज्यों से इलाज के लिए पहुंचते हैं। अगर उनके गांवों के पास पर्याप्त डॉक्टर और श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध हों तो वे क्यों सैकड़ों मील चलकर दूर आयेंगे? सरकारी डॉक्टरों की उम्र बढ़ाने से गांवों में डॉक्टरों की कमी को कुछ हद तक पूर किया जा सकता है। ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। इस समस्या का एक हल यह भी है कि रिटायरमेंट की आयु बढ़ने से वहां पर तैनात डॉक्टरों को सेवा करने का मौका मिलता रहेगा। डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि देश के ग्रामीण भागों में सर्जनों, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों, फिजीशियनों और बाल रोग विशेषज्ञों की मांग को भी पूरा करने की जरूरत है। डॉक्टरों का सेवा विस्तार करने से गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को एक हद तक तो दूर किया ही जा सकता है। वरिष्ठ डॉक्टर अक्सर हेल्थ सेक्टर मैनेजमेंट और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका सेवा विस्तार करने से उनकी विशेषज्ञता का उपयोग नीतियों को आकार देने और अस्पताल प्रबंधन को बेहतर बनाने में किया जा सकेगा। जैसा कि ऊपर कहा गया कि जब भारत में डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की, तो हिन्दुस्तानियों की औसत उम्र काफी कम थी। 1950 और 1960 के दशक में, जब औसत उम्र कम थी, तो 55 वर्ष की सेवानिवृत्ति की आयु उचित मानी जाती थी। 1970 के दशक में बढ़कर 58 वर्ष हुई, और फिर 1990 के दशक में 60 वर्ष हुआ।

# डिजिटल दुनिया में क्या देख रहे हैं आपके बच्चे?

गूगल और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने अपने व्यापार मॉडल को प्रभावित करने वाले जटिल कानूनी ढाँचों पर चिंता व्यक्त की है। पहुँच को प्रतिबंधित करने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने से डिजिटल युग में बच्चों के शैक्षिक अवसरों और कौशल विकास में बाधा आ सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुँच उनके कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यू ट्यूब किड्स जैसे प्लेटफॉर्म स्क्रीन टाइम को मैनेज करने और कंटेंट को प्रतिबंधित करने के लिए कस्टमाइज करने योग्य पैरेंटल कंट्रोल सेटिंग्स प्रदान करते हैं।





-प्रियंका सौरभ-
(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार)

आज के डिजिटल परिदृश्य में, बच्चे तकनीक में डूबे हुए बड़े हो रहे हैं। स्मार्टफोन से लेकर टैबलेट, लैपटॉप और गेमिंग कंसोल तक, इंटरनेट उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। जबकि ऑनलाइन दुनिया अंतहीन शैक्षिक और मनोरंजन के अवसर प्रदान करती है, यह बच्चों को विभिन्न जोखिमों के लिए भी उजागर करती है। डिजिटल क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा सर्वोपरि है। डिजिटल युग में, बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना तथा सूचना तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करना एक महत्त्वपूर्ण चुनौती है। इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि के साथ, बच्चों को सीखने के अवसर और साइबरबुलिंग, शोषण और आपत्तिजनक सामग्री जैसे जोखिम दोनों का सामना करना पड़ता है। ऑनलाइन सुरक्षा को संतुलित करने के लिए कानूनी ढाँचे, माता-पिता के मार्गदर्शन और प्रौद्योगिकी समाधानों को सम्मिलित करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। कई माता-पिता और बच्चों में पर्याप्त डिजिटल साक्षरता का अभाव है, जिससे सुरक्षित रूप से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करना और संभावित जोखिमों को समझना मुश्किल हो जाता है। भारत में, केवल 40% व्यक्ति बुनियादी डिजिटल कार्य करने में सक्षम हैं, जिससे बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के प्रयास जटिल हो जाते हैं। बच्चे अक्सर परिवार के सदस्यों के साथ डिवाइस का साझा उपयोग करते हैं, जिससे उनकी ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी और उन्हें विनियमन करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई ग्रामीण घरों में, साझा फोन के उपयोग से बच्चों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग की गई गतिविधियों को ट्रैक करना असंभव हो जाता है, जिससे उन्हें साइबरबुलिंग जैसे जोखिमों का सामना करना पड़ता है। कई प्लेटफार्मों पर मजबूत फि ल्टरिंग तंत्र की कमी के कारण बच्चे अक्सर ऑनलाइन अनुचित सामग्री के संपर्क में आते हैं। यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों द्वारा एडल्ट कंटेंट तक पहुँचने की रिपोर्ट ने मजबूत सुरक्षा जरूरतों की आवश्यकता पर बल दिया है। साइबरबुलिंग और ऑनलाइन शोषण में वृद्धि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण जोखिम उत्पन्न करती है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 3 में से 1 बच्चे ने साइबरबुलिंग का सामना किया है, जिसके उनके स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम देखे गए हैं। सरकारों को माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए डिजिटल साक्षरता में सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से नेविगेट करने में मदद मिल सके। भारत की डिजिटल इंडिया पहल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता को कवर करने के लिए अपने दायरे का विस्तार कर सकती है। तकनीकी प्लेटफॉर्म को मजबूत अभिभावकीय नियंत्रण की सुविधाएँ विकसित करनी चाहिए जो गोपनीयता का उल्लंघन किए बिना बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों की बेहतर निगरानी की अनुमति प्रदान करने हैं।

कुछ प्लेटफार्मों पर बच्चों को प्रतिबंधित करने से वे वैकल्पिक उपाय ढूंढने लगेंगे, जिससे प्रतिबंध अप्रभावी हो जाएगा। पहचान से संबंधित दस्तावेजों की आवश्यकता वाले आयु सत्यापन सिस्टम गोपनीयता से संबंधित मुद्दे उठाते हैं और अक्सर आवश्यकता से अधिक डेटा एकत्र करते हैं। भारत में, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आयु सत्यापन के लिए आधार के उपयोग ने डेटा के दुरुपयोग के संबंध में चिंताएँ बढ़ा दी हैं। जटिल या कठोर ऑनलाइन नियम अनजाने में हाशिए पर स्थित समुदायों के बच्चों को पहचान से संबंधित दस्तावेजों या डिजिटल संसाधनों तक सीमित पहुँच से वंचित कर सकते हैं।

ग्रामीण भारत में, उचित पहचान के बिना बच्चों को सख्त नियमों के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना मुश्किल हो सकता है। टेक प्लेटफॉर्म पर अत्यधिक सख्त नियम लागू करने से नवाचार बाधित हो सकता है और वैश्विक फर्मों के लिए संचालन जटिल हो सकता है।


गूगल और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने अपने व्यापार मॉडल को प्रभावित करने वाले जटिल कानूनी ढाँचों पर चिंता व्यक्त की है। पहुँच को प्रतिबंधित करने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने से डिजिटल युग में बच्चों के शैक्षिक अवसरों और कौशल विकास में बाधा आ सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुँच उनके कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

यू ट्यूब किड्स जैसे प्लेटफॉर्म स्क्रीन टाइम को मैनेज करने और कंटेंट को प्रतिबंधित करने के लिए कस्टमाइज करने योग्य पैरेंटल कंट्रोल सेटिंग्स प्रदान करते हैं। यूके के आयु-उपयुक्त डिजाइन कोड जैसे कानूनों को अपनाने से यह सुनिश्चित होगा कि तकनीकी प्लेटफॉर्म बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ बच्चों के अनुकूल डिजिटल वातावरण को विकसित करे।

भारत में भी इसी प्रकार के दिशा-निर्देश लागू किये जा सकते हैं, जिसके तहत तकनीकी प्लेटफॉर्म को अलग-अलग आयु समूहों के लिए सुविधाओं को संशोधित करने की आवश्यकता होगी। स्कूलों को बच्चों को डिजिटल स्पेस में स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीके सिखाने के लिए पाठ्यक्रम में ऑनलाइन सुरक्षा शिक्षा को शामिल करना चाहिए। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्कूली पाठ्यक्रम में ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल जिम्मेदारी के प्रावधान शामिल किए जा सकते हैं। सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज को बच्चों के लिए सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, साथ ही सूचना तक उनकी पहुँच का अधिकार सुनिश्चित करना चाहिए। भारतीय शिक्षा मंत्रालय और तकनीकी प्लेटफॉर्म के बीच सहयोग से व्यापक बाल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जा सकते हैं।

डिजिटल युग में, ऑनलाइन सुरक्षा और बच्चों के सूचना तक पहुँच के अधिकार के बीच संतुलन बनाना एक जटिल चुनौती बनी हुई है। सहयोगात्मक प्रयासों, डिजिटल साक्षरता में सुधार और आयु-उपयुक्त मजबूत विनियमों को लागू कर, बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बेहतर तरीके से सुरक्षित किया जा सकता है। एक समग्र दृष्टिकोण जिसमें माता-पिता, शिक्षकों, सरकारों और तकनीकी प्लेटफार्मों शामिल हो से वैश्विक स्तर पर बच्चों के लिए अधिक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल स्थान तैयार होंगे। बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा आधुनिक पेरेंटिंग का एक अनिवार्य हिस्सा है।

# देवकार्य में निषिद्ध मानी गई चांदी की वस्तुओं का उपयोग श्राद्ध में क्यों करना चाहिए?



पूजाकार्य में निषिद्ध मानी गई चांदी की वस्तुओं में रजोगुण एवं वायुतत्त्व होने के कारण पितर उनमें नैवेद्य शीघ्र ग्रहण कर सकते हैं, इसलिए चांदी की वस्तुओं का श्राद्ध में उपयोग किया जाता है।

सौवर्णं राजतं वाऽपि पितृणां पात्रमुच्यते ।- मत्स्यपुराण, अध्याय १७, श्लोक २०

अर्थ : पितरों से संबंधित विधियों के लिए सोना अथवा चांदी के पात्र का उपयोग करें।

शिवनेत्रोद्भवं यस्मात तस्मात तत्पितृवल्लभम्।
अमङ्गलं तद्यत्नेन देवकार्येषु वर्जयेत ॥
मत्स्यपुराण, अध्याय १७, श्लोक २३

अर्थ : चांदी शंकर के तृतीय नेत्र से उत्पन्न हुई है। इसलिए वह पितृकार्य के लिए प्रशस्त (उत्तम) है; परंतु देवकार्य में वह अशुभ होती है। इसलिए इन कार्यों में चांदी के पात्र प्रयत्नपूर्वक वर्ज्य करें।

अध्यात्मशास्त्रीय विश्लेषण

१. चांदी में सत्त्वगुण ५० प्रतिशत, रजोगुण ४० प्रतिशत एवं तमोगुण १० प्रतिशत है। चांदी में वायुतत्त्व भी अधिक मात्रा में है। इसलिए चांदी की वस्तुओं का उपयोग करते समय रजोगुण की वृद्धि होने से पितर चांदी के पात्र में रखा नैवेद्य शीघ्र ग्रहण कर सकते हैं। इस प्रकार पितरों को चांदी का लाभ मिलता है; किंतु देवकार्य करते समय रजोगुण की अधिकतायुक्त चांदी के उपकरणों का उपयोग करने पर देवकार्य से निर्मित सात्त्विकता का लाभ सभी को नहीं होता। इसलिए देवकार्य में चांदी का उपयोग न करें।

२. अन्य धातुओं की अपेक्षा चांदी में इच्छाशक्तिरूपी तरंगें आकृष्ट और धारण करने का गुण अधिक होता है। चांदी के सर्व ओर स्थित नादमय मंडल, इच्छातरंगों से प्रभारित रहता है।

अ. चांदी के उपर्युक्त मंडल की नादतरंगों और पितरों के सूक्ष्म शरीर से प्रक्षेपित होनेवाली तरंगों की रचना में पर्याप्त समानता होने के कारण, लिंगदेह से निकलनेवाली तरंगें तथा कुछ मात्रा में यमतरंगें भी चांदी की ओर आकर्षित होती हैं। इसलिए कहा जाता है कि ह्यपितरों को चांदी परमप्रिय है।

आ. चांदी के उपयोग से श्राद्धस्थल पर इच्छातरंगों तथा यमतरंगों से युक्त नादमंडल निर्मित होता है। इससे पितरों का श्राद्धस्थल पर आगमन सहजता से होता है।

इ. चांदी में पृथ्वी एवं आप तत्त्व की तरंगें धारण करने की क्षमता अधिक होती है। पितरों के लिंगदेह में पृथ्वी एवं आप तत्त्व की मात्रा अधिक होती है। इसलिए, चांदी का उपयोग करने से पितरों पर श्राद्धकर्म की प्रत्येक क्रिया का प्रभाव अल्प समय में होता है।

ई. जीव के स्थूल शरीर में पृथ्वी एवं आप तत्त्व की मात्रा अधिक होने के कारण चांदी के पात्र में भोजन करनेवाले सामान्य व्यक्ति को भी अल्प समय में भोजन की सूक्ष्म-वायु मिल जाती है।

उ. चांदी धातु की सूक्ष्म संरचना तथा पितरों के विविध कोषों और मानव शरीर की सूक्ष्म संरचना में अधिक समानता होने के कारण मनुष्य तथा पितरों से संबंधित अनुष्ठानों में चांदी का अधिक उपयोग किया जाता है।

ऊ. अपने रजोगुण के कारण चांदी देवकार्य में निषिद्ध मानी गई है।

संदर्भ : सनातन का ग्रंथ श्राद्ध (भाग- १) महत्त्व एवं अध्यात्मशास्त्रीय विवेचन

# एक नेशन-एक इलेक्शन, राजनेताओ का टेंशन

-विनोद कुमार सिंह-

विश्व के विशालत्तम लोकतंत्र भारत के चहूँ दिशाओं में एक ही गरमा गर्म चर्चा व चिन्तन हो रही है। अब यह मुद्दा लोकतंत्र का महापर्व चुनाव तक सीमित ना रह कर राजनीतिक दलों में बहस का मुद्दा बन गया है। विगत दिनों मोदी कैबिनेट ने वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद वन नेशन-वन इलेक्शन के लाभ और नुकसान पर गर्मा गर्म बहस छिड़ सी गई है। ऐसे में जनता जर्नादन के कई सबाल एक नेशन एक इलेक्शन के कितने लाभ और कितने नुकसान, मोदी सरकार व सतारूढ़ सहयोगी राजनीतिक दलो के लिए यह मोदी मिशन है, वही काँग्रेस समेत 15विपक्षी राजनीतिक दलों व क्षेत्रीय दलों के लिए टेंशन है।

आप को बता दे कि एक राष्ट्र-एक चुनाव की नीति के तहत लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। इस संदर्भ में मोदी सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र यानी नवंबर -दिसंबर में इस बारे में बिल पेश करेगी। सर्व विदित रहे कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली कमेटी ने इस पर मार्च में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। कमेटी ने सिफारिश की थी कि लोकसभा और राज्यों के विधान सभा चुनाव एक साथ संपन्न होने के100 दिन के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव हो जाने चाहिए। वन नेशन-वन इलेक्शन का मतलब है कि भारत में लोक सभा और सभी राज्यों के विधान सभा चुनाव एक साथ कराए जाएं। साथ ही स्थानीय निकायों के चुनाव भी एक ही दिन या एक तय समय सीमा में कराए जाएं। पी एम मोदी लंबे समय से वन नेशन वन इलेक्शन की वकालत करते आए हैं। उन्होंने कहा था कि चुनाव सिर्फ तीन या चार महीने के लिए होने चाहिए, पूरे 5 साल राजनीति नहीं होनी चाहिए। साथ ही चुनावों में खर्च कम हो और प्रशासनिक मशीनरी पर बोझ न बढ़े। इसके पीछे मोदी सरकार का तर्क है कि इससे जनता को बार-बार के चुनाव से मुक्ति व चुनावी खर्च बचेगा और वोटिंग परसेंट में इजाफा होगा। सरकारें बार-बार चुनावी मोड में जाने की बजाय विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। प्रशासन को भी इसका फायदा मिलेगा, अधिकारियों का समय और एनर्जी बचेगी। इसका बड़ा आर्थिक फायदा भी है। सरकारी खजाने पर बोझ कम होगा और आर्थिक विकास में तेजी आएगी। आप के सबाल होगे कि वन नेशन-वन इलेक्शन का सुझाव किसने व कब दिया। आपको बता दे कि केन्द्र सरकार नें विगत दिनों पूर्व वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को कमेटी बनाई गई थी। कोविंद की कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद, जाने माने वकील हरीश साल्वे, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, पॉलिटिकल साइंटिस्ट सुभाष कश्यप, पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त(सीविसी) संजय कोठारी समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के विशेष सदस्य बनाए गए हैं। कमेटी ने इसके लिए 62 राजनीतिक पार्टियों से संपर्क किया। इनमें से 32 पार्टियों ने वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया। वहीं, 15 दलों ने इसका विरोध किया था। जबकि 15 ऐसी पार्टियां भी थीं, जिन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। 191दिन की रिसर्च के बाद कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी. कमेटी की रिपोर्ट 18 हजार 626 पेज की है। कोविंद समिति के सिफारिशें पर नजर डाल लेते है।

-वन नेशन -वन इलेक्शन की ओर बढ़ने के लिए सरकार को एक बार ही एक बड़ा कदम उठाना होगा।

-इसके तहत केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव 2029 के बाद एक तारीख तय करेगी।

-इस तारीख पर ही सभी राज्यों की विधानसभाएं भंग हो जाएंगी।

-इसके बाद पहले फेज में लोकसभा के टर्म के हिसाब से सभी विधानसभाओं के चुनाव कराए जाएंगे।

-इसके 100 दिन के अंदर दूसरे फेज में नगर निकाय और पंचायत चुनाव कराए जाएंगे।

-इन सभी चुनावों के लिए एक ही वोटर लिस्ट होगी।

-लोकतंत्र में कोई सरकार गिर भी सकती है. ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव के कारण लोकसभा या किसी विधानसभा के भंग होने पर ये सुझाव दिया गया है कि नए चुनाव उतने ही समय के लिए कराए जाएं, जितना समय सदन का बचा हुआ है।

-इसके बाद लोकसभा के साथ फिर नए सिरे से चुनाव कराए जाएं।

-इस कानून को पास कराने के लिए 18 संवैधानिक संशोधन जरूरी होंगे ज्यादातर संशोधनों में राज्यों की मंजूरी जरूरी नहीं है।

-इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ने से पहले देश भर में जनता और अलग-अलग नागरिक संगठनों की राय ली जाएगी।

वन नेशन वन इलेक्शन के रास्ते में सबसे पहले तो संसद में ही चुनौती आएगी। एक देश एक चुनाव के लिए कई संवैधानिक संशोधनों की जरूरत होगी। इसके लिए संसद के दोनों ही सदनों में सरकार के सामने दो-तिहाई बहुमत जुटाने की चुनौती है।

-राज्यसभा में सरकार के पास पूर्ण बहुमत नहीं है। 245 सीटों में से एन डी ए को 112 सीटें ही हासिल हैं, जबकि दो-तिहाई बहुमत का आंकड़ा 164 पर होगा।

-लोकसभा में भी 543 सीटों में से दो-तिहाई बहुमत का आंकड़ा 362 है, जबकि एनडीए के पास 292 सीटें ही हैं। हालांकि, दो-तिहाई बहुमत का फैसला वोटिंग में हिस्सा लेने वाले सदस्यों की संख्या के आधार पर तय होता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तम्भकार है।)

**संक्षिप्त खबरें**

## शिष्टाचार मुलाकात



गाजियाबाद। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से कांशीराम सेवा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुनील भारती ने शिष्टाचार मुलाकात करते हुए जनता हित में कराए गए कार्यों की सराहना करते हुए सुनील भारती ने कहा कि सरकार की तमाम योजनाओं में बेहतर भागीदारी रही है।

## उपचुनाव को लेकर चर्चा



गाजियाबाद। प्रभारी मंत्री असीम अरूण से शिष्टाचार मुलाकात करते भाजपा नेता शाहिद कुरैशी एवं रामेश्वर दयाल, इस मुलाकात में जिले के विकास कार्यों पर चर्चा हुई और आने वाले उपचुनाव को लेकर भी बात हुई, भाजपा नेता शाहिद कुरैशी ने कहा कि उपचुनाव में भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजयी प्राप्त होगी।

## राहुल गांधी से किस कदर डरी भाजपा ये बयानों से समझा जा सकता है : महताब पठान



गाजियाबाद। अल्पसंख्यक सभा में सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के महताब पठान ने कहा कि राहुल गांधी की देश-विदेश में बढ़ती लोकप्रियता से बीजेपी घबरा गई है और थर-थर कांप रही है, उन्होंने कहा कि कई राज्यों में चुनाव हैं सत्ता जाने के डर से राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दे रहे हैं भाजपा को याद रखना चाहिए देश की आजादी से लेकर आज तक गांधी परिवार की कुर्बानियां किसी से छिपी नहीं है आज तक किसी भी राजघराने ने गांधी परिवार जैसी कुबार्नी दी है तो बताएं देश की जनता जागरूक हो चुकी है झूठ चाहे कितनी भी मजबूती से बोला जा रहा हो सच्चाई सामने आ ही जाती है, इसलिए भाजपा द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान बाजी कर जनता को गुमराह करने का काम किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं राहुल गांधी के लिए तरह-तरह के फंडे अपनाने की कोशिश की जा रही है लेकिन जनता इसे नाकाम कर रही है, महताब ने कहा हालांकि जनता के दिलों पर राहुल गांधी राज कर रहे हैं इसमें कोई संदेह नहीं है जिस वजह से भाजपा को बड़ी दिक्कत है मुख्य वजह ये है, लेकिन इनकी किसी भी प्रकार की कोई भी बात अब जनता जनार्दन समझने को तैयार नहीं है जिसका खामियाजा इन्हें भुगतान ही होगा।

## खड़गे ने अनुरा दिसानायके को दी बधाई

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए अनुरा कुमार दिसानायके को बधाई दी। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के लिए इसे अहम बताया। दिसानायके ने राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है। शपथ ग्रहण समारोह कोलंबो स्थित राष्ट्रपति सचिवालय में हुआ, जहां मुख्य न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने शपथ दिलाई। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने एक्स पोस्ट में दिसानायके को बधाई दी थी। लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से, मैं श्रीलंका के लोकतांत्रिक समाजवादी गणराज्य के कार्यकारी राष्ट्रपति चुने जाने पर अनुरा कुमारा दिसानायके को हार्दिक बधाई देता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, भारत और श्रीलंका के बीच के सहयोग और बातचीत की एक समृद्ध विरासत है, जो सदियों पुरानी है, हम अपने संबंधों और साझा मूल्यों को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। इससे पहले रविवार को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जीत हासिल करने और श्रीलंका के 9वें कार्यकारी राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने पर दिसानायके को बधाई दी। श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने भी दिसानायके से मुलाकात की और भारत के नेतृत्व की ओर से शुभकामनाएं दीं।

# स्वच्छता ही सेवा अभियानः एडीएम एवं पूर्व चैयरमैन ने स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात : किरण, संवाददाता



अमरोहा। स्वच्छता ही सेवा अभियान में नगर पालिका परिषद द्वारा व्यापक रूप से निकाय क्षेत्र मे स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को अभियान के मूल उद्देश्यों से अवगत करा कर उसे अपने दैनिक जीवन मे आत्मसात किये जाने का आह्वान किया जा रहा है। इन्ही कार्यक्रमों की श्रृंखला मे रविवार को पालिका द्वारा महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के मुख्य अतिथि बृजेश त्रिपाठी अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) रहे। आयोजित कार्यक्रम मे सफाई अभियान एवं स्वच्छता वाहनो को हरी झंडी दिखाकर रैली का उद्घाटन अपर जिलाधिकारी एवं पालिका के स्वच्छता प्रेरक एवं पूर्व अध्यक्ष अतुल कुमार जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अभियान मे अपर जिलाधिकारी, पालिका सभासद गण, पालिका स्टॉफ एवं चौराहो द्वारा झाड़ू लगाकर महात्मा गाँधी प्रतिमा के आस पास के क्षेत्र की सफाई की गयी इसके उपरांत समस्त पालिका स्टॉफ, पालिका सभासद, क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या मे अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व मे महात्मा गाँधी की प्रतिमा से नगर पालिका परिषद टाउन हॉल तक पैदल मार्च करते हुए व आमजन को स्वच्छता का सन्देश देते हुए आये व पालिका टाउन हॉल मे पालिका द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व स्वच्छता गोष्ठी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। गोष्ठी को विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता अखिल जैन ने सम्बोधित करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 10 वर्ष पूर्व आरम्भ किये गए स्वच्छ भारत मिशन के सम्बन्ध मे प्रकाश डालते हुए बताया की प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत देश व प्रदेश मे स्वच्छता के किये गए ऐतिहासिक कार्यों की प्रेरणा से अमरोहा नगर मे स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत पालिका अध्यक्ष शशि जैन द्वारा कराये गए कार्य अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि पूर्व मे जहाँ कूड़े के ढेर लगे रहते थे तथा गन्दगी का साम्राज्य रहता था वहाँ अब सुंदर चौक, फव्वारे, सेल्फी पॉइंट विकसित किये गए हैं जिसकी प्रशंसा अमरोहा के हर नागरिक के मुँह से सुनी जा सकती है इस कार्य मे पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के प्रयास भी तारीफ के काबिल हैं, नगर पालिका द्वारा कराये गए कार्यों, विकसित किये गए चौक चौराहो को इसी स्वरुप मे यथावत रखना पालिका के साथ साथ स्थानीय नागरिकों की भी जिम्मेदारी है, समस्त आमजन से अनुरोध है की पालिका के कार्यों मे अपना सहयोग प्रदान करते हुए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सपनो को साकार किये जाने के प्रत्यदर्शी बने। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा अपने सम्बोधन मे पालिका द्वारा प्रदान की जा रही नगरीय सफाई व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए और अधिक बेहतर प्रयास किये जाने की बात कही। इससे पूर्व स्वच्छ भारत मिशन शहरी के जिला कार्यक्रम प्रबंधक नदीम अख्तर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के स्वर्णिम 10 वर्षो के गौरवशाली कार्यों पर विस्तार से जानकारी देते हुए स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के पाक्षिक कार्यक्रमों के सम्बन्ध मे उपस्थित जन को अवगत कराया। अंत मे पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार नें कार्यक्रम के बारे मे जानकारी देते हुए बताया की आज आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मे जिला अस्पताल से आये विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा पालिका के कार्मिको का स्वास्थ्य परीक्षण कर बेहतर उपचार हेतु दवाई एवं परामर्श दिया जायेगा। इसके उपरांत सभी अतिथि गण का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम मे पालिका सभासद अंकित गुप्ता, वीर अभिमन्यु, विकास टंडन, राजपाल सिंह, सहित अजय चौहान, गौरव सिंह, पालिका के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आवासीय क्षेत्र में संचालित अवैध कतरन की हौदियों को किया ध्वस्त

अमरोहा। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के वार्ड दानिश मंदान अंतर्गत कांकर सराय रोड पर आवासीय क्षेत्र मे अवैध रूप से संचालित कॉटन वेस्ट / कतरन को ब्लीच करने वाली इकाईयो / हौदियों को ध्वस्त कराया गया। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार नें बताया की पालिका को शिकायतें प्राप्त हुई की नगर के वार्ड दानिश मंदान अंतर्गत तकिया मोती शाह, कांकर सराय रोड पर कुछ लोगो द्वारा आवासीय क्षेत्र मे अवैध रूप से कॉटन वेस्ट, कतरन को ब्लीच करने वाली होदीये बना कर उसमे वेस्ट कपडे की कतरनो को हानिकारक केमिकल से ब्लीच किया जा रहा है, ब्लीच करने के उपरांत अवशेष जहरीले पानी को जमीन मे बोरिंग द्वारा डाल दिया जाता है जिससे भारी मात्रा मे जल प्रदुषण हो रहा है। स्थानीय स्तर पर शिकायतें प्राप्त होने पर पालिका द्वारा करवाई गयीं जांच मे शिकायत सही पायी गयीं, तथा ऐसे इकाई संचालको को तत्काल ऐसी अपदूषण कारक इकाईयो को स्वयं तोड़े जाने हेतु निर्देशित किया गया। परन्तु इन संचालको द्वारा बड़े स्तर पर अवैध होदियो से जल प्रदूषण किया जाता रहा। जिस पर पालिका द्वारा कार्यवाही करते हुए आज पुलिस का सहयोग प्राप्त कर मोहम्मद शुएब, मुजम्मिल, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद शानू आदि सहित कुल 12 कारखानों मे बनी हुई 40 होदियो को ध्वस्त करवाया गया। अधिशासी अधिकारी महोदय द्वारा ऐसे अवैध होदिया संचालको को चेतावनी देते हुए कहा गया है की पालिका द्वारा आज की गयीं कार्यवाही के उपरांत भी यदि किसी होदिया का संचालन पालिका क्षेत्र मे चोरी छिपे हो रहा हो तो संबंधित इकाई संचालक स्वयं उन होदियो को ध्वस्त करवा दें, अन्यथा पालिका द्वारा ऐसी समस्त होदियो को ध्वस्त करते हुए संबंधित संचालक के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर अधीक्षक केशव प्रसाद, राजस्व निरीक्षक ओमवीर सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, पालिका अतिक्रमण प्रभारी प्रज्वल चौहान, कमल शेखर, शिव कुमार, कामयाब अली, जैकी, वसीम हसन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# संचारी रोग अभियान की समीक्षा बैठक में अधिकारियों के कार्यों से नाराज दिखीं डीएम

## डेंगू और मलेरिया का कोई भी केस बिगड़ता है तो कार्यवाई को रहे तैयारः डीएम

प्रात : किरण, संवाददाता



अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले संचारी रोग अभियान तथा 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले दस्तक अभियान के दृष्टिगत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अधिकारी ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में साफ सफाई फॉगिंग और एंटी लार्वा दवा का छिड़काव सहित अन्य विभागों द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में एक-एक करके सभी विभागों से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी और शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी अभियान चला कर साफ सफाई फागिंग और एंटी लारवा दवा का छिड़काव करा दें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी ड्डू को सख्त निर्देश देते हुए कहा को आशाओं की बैठक कर संचारी रोगों के प्रति उन्हें प्रशिक्षित कर दें। दस्तक अभियान के तहत आशा आंगनबाड़ी घर-घर जाकर दिमागी बुखार मलेरिया जल जनित रोग वेक्टर जनित रोगों के बारे में संवेदीकरण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त कर कहा कि डेंगू और मलेरिया संबंधित कोई भी केस बिगड़ता है तो ड्डू की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। डेंगू और मलेरिया का कोई भी कैस बिगड़ना नहीं चाहिए। सभी चिकित्सालियों में सम्बन्धित कीटस दवाएं वैक्सीन पर्याप्त संख्या में रखी जाए। खंड विकास अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें प्रत्येक गांव में साफ सफाई दवा का छिड़काव अभियान चलाकर किया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी चिकित्सा अधिकारी सभी स्वास्थ्य केंद्रों में को अवश्य बैठें। जिला कार्यक्रम अधिकारी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक कर निर्देशित करें। ग्रामों में आंगनबाड़ी जाती नहीं है अनुपस्थित रहती हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्यालयों में संचारी रोग अभियान से बचाव के बारे में प्रार्थना के समय बच्चों को बताया जाए। धनोरा रहरा के सभी पैरामीटर में पिछड़े होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सूकर पालकों एवं अन्य व्यवसाय करने वाले लोगों को से मिलकर कार्यवाही किया। जिला कृषि अधिकारी जमे हुए पानी में मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए सिंचाई के वैकल्पिक उपाय पर लोगों को बताया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग अभियान से संबंधित जो भी अधिकारी जुड़े हुए हैं वह प्राथमिकता के साथ कार्य करें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्विनी कुमार मिश्र जी मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अवध चीनी मिल ने कराया कृषक गोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

- अच्छी गन्ना प्रजाति का बीज किसानों को उपलब्ध कराएगी मिलः चौ. सुखवीर सिंह




स्योहारा। चीनी मिल स्योहारा के कुरी फार्म पर रविवार की कृषक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमे मिल के अधिशासी अध्यक्ष चौ.सुखवीर सिंह ने किसानों से अनुरोध किया की वे 0238 प्रजाति की बुवाई न करे। क्योंकि यह प्रजाति रेड रोट से ग्रसित होने के कारण समाप्ति की ओर है। इसके स्थान पर को 0118, उड्ड 15023, ईत्यादि प्रजातियों की बुवाई करे। जिनका बीज आपको मिल द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। बुवाई से पहले प्रति एकड़ 4 किग्रा ट्राइकोडरमा अवश्य खेतो में डाले। मिल के उपाध्यक्ष गन्ना अरविंद सिंह द्वारा बुवाई में केवल 2 आंख के टुकड़े ही लगाने हेतु प्रेरित किया गया। जिससे की गन्ने का जमाव बढ़ाया जा सके। उपाध्यक्ष गन्ना प्रमोद कुमार द्वारा बताया गया की गन्ने की बुवाई से पहले मिट्टी की जांच अवश्य करवा ले। मिट्टी की जांच की सुविधा मिल में उपलब्ध है। तथा मिट्टी जांच के आधार पर ही खेतो में संतुलित खादो का प्रयोग करे। मिल के अधिशासी उपाध्यक्ष अशोक मित्तल ने बताया की किसान बुवाई करते समय जल्दबाजी न करे और खराब बीज को छांट कर बाहर निकाल दे। स्वस्थ बीज से ही अच्छी पैदावार प्राप्त की जा सकती है।

# कंसलटिंग इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट वेलफेयर संगठन ने मनाया इंजीनियरिंग डे




प्रात : किरण, संवाददाता

मुरादाबाद। कंसलटिंग इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट वेलफेयर संगठन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में उत्साह पूर्वक इंजीनियरस डे मनाया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत भवन मुरादाबाद में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उपनिदेशक पंचायत ने किया कार्यक्रम में रामपुर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा और बिजनौर के जिला पंचायत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कंसलटिंग इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट वेलफेयर संगठन उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित इंजीनियरस डे का शुभारंभ उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मंडल महेंद्र सिंह, रामपुर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा और बिजनौर के जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समन्वय, मंडल कंसलटेंट, जिला कंसलटेंट, एडीओ पंचायत एवम समस्त मुरादाबाद मंडल के कंसल्टिंग इंजीनियर एवं आर्किटेक्ट उपस्थित रहे।

समारोह में इंजीनियर भावेश त्रिवेदी क्लस्टर हेड टेक्निकल सर्विस अदानी सीमेंट ने कंक्रीट दृढ़ता पर अपना तकनीकी जानकारी को साझा किया। संगठन के मंडल अध्यक्ष इंजीनियर अजीत सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर शुभम राजपूत आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली मोबाइल डिस्पेंसरी वैन की शुरूआत पर बोले रमेश बिधूड़ी कहा- समाज सेवा करनी भाजपा की प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल कुआं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में सोमवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मोबाइल वैन डिस्पेंसरी सेवा का उद्घाटन किया। इन मोबाइल वैन डिस्पेंसरी में लोगों के इलाज के लिए जरूरी दवाइयां और कम से कम एक एमबीबीएस डॉक्टर और नर्स मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम के बाद पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने बताया, यह 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाला सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम हर वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होता है। भारतीय जनता पार्टी प्रतिवर्ष समाज के लोगों के लिए सेवा के कार्य करती है। इसी कड़ी में आज यहां मोबाइल वैन का शुभारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विवेक बिधूड़ी फाउंडेशन के माध्यम से चलाया जाएगा। हमारे कानून मंत्री माननीय अर्जुन राम मेघवाल रिबन काटकर इसका उद्घाटन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि यह मोबाइल वैन विभिन्न क्षेत्रों में सेवा प्रदान करेगी।

## एसआई की पत्नी ने पत्रकार वार्ता में पति पर लगाये गंभीर आरोप

गाजियाबाद, प्रात : किरण



- सिपाही से दरोगा बनते ही पत्नी को छोड़ा, दूसरी के चक्कर में भेज दिया तलाक का नोटिस

बरेली के थाना इज्जत नगर में 25 अप्रैल, 2024 को दर्ज करायी थी रिपोर्ट पांच माह बीत जाने के बावजूद बरेली पुलिस नहीं कर रही दरोगा के खिलाफ कोई कार्रवाई, आरोपी दरोगा अभय प्रताप सिंह शहर कोतवाली के पुराना बस अड्डा पुलिस चौकी पर है तैनात, शहर कोतवाली के पुराना बस अड्डा पुलिस चौकी पर तैनात दरोगा अभय प्रताप सिंह की पत्नी आशी सिंह ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में अपने पति पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं। आशी सिंह अपनी तीन वर्षीया बेटी व वृद्ध मां के साथ बरेली से गाजियाबाद पहुंची थीं। आशी सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पहले उनके पति अभय प्रताप सिंह पुलिस में सिपाही थे। तब तक उनका व्यवहार बहुत अच्छा था। लेकिन प्रमोशन पाने के बाद दरोगा बनने पर अभय प्रताप सिंह का न केवल व्यवहार बदल गया, बल्कि चरित्र भी बदल गया। दरोगा बनने पर वह उनका उत्पीड़न करने लगे। आशी सिंह का आरोप है कि दरोगा बनने के बाद वे एक युवती के संपर्क में आये और उसके चक्कर में पड़कर उनका उत्पीड़न करने लगे और जबरन तलाक के कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए उन्हें मारा पीटा गया। पति अभय प्रताप सिंह का लगातार मानसिक उत्पीड़न व मारपीट करने से परेशान हो गयी। आशी सिंह का कहना है कि इस मामले में उनकी सास व नन्दों ने भी उनके पति का पक्ष लिया और कहा कि वह दरोगा बन गया है तो उसे अपने हिसाब से जीने का हक है। ससुराल पक्ष व पति द्वारा लगातार उत्पीडन बढ़ते जाने से कुछ माह पूर्व वह अपने मां के घर बरेली आ गई। अपनी मां के पास रहने लगीं। पति में सुधार की कोई गुंजाइश न देख उन्होंने बरेली के थाना इज्जत नगर में 25 अप्रैल, 2024 को अपने पति अभय प्रताप सिंह व ससुराल के अन्य लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी। आशी सिंह ने बताया कि उनके दरोगा पति अभय प्रताप सिंह के खिलाफ बरेली के इज्जतनगर थाने में आईपीसी की धारा 498 ए, 323, 504, 506, 354 (क) दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 व 4 के तहत मामला दर्ज कराया है। इस मामले में आशी सिंह ने पति अभय प्रताप सिंह, सास बीना, नन्द सुचेता सिंह, पूजा सिंह, कीर्ति सिंह सहित आठ लोगों को नामजद कराया है, लेकिन पुलिस मामले की जांच नहीं कर रही है। उन्होंने पति पर मुकदमा वापस लेने व न तलाक देने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आशी सिंह का कहना है कि यदि बरेली ने नामजद आरोपियों व गाजियाबाद पुलिस में तैनात दरोगा अभय प्रताप सिंह के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो वे अपनी बेटी को लेकर इस मामले में कार्रवाई करने की मांग को लेकर डीजीपी कार्यालय व मुख्यमंत्री दरबार में न्याय मांगने जाएंगी।

# डीएम ने किया राष्ट्रीय पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC) व वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण




प्रात : किरण, संवाददाता

अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा जिला अस्पताल पहुंचकर राष्ट्रीय पोषण पुनर्वास केंद्र (ठफ्ब्) व वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती 08 कुपोषित बच्चों के अभिभावकों /माताओं से एक-एक करके मुलाकात किया और उनके स्वास्थ्य वजन कितने माह आदि की जानकारी अभिभावकों से लिया। पूछा सुविधा आपको मिल रही है या नहीं, मीनू चार्ट के अनुसार कुपोषित युक्त आहार दिया जा रहा है या नहीं, कोई समस्या तो नहीं है जानकारी ली। बच्चों की माताओं से बातचीत कर सलाह देते हुए कहा कि डॉक्टर द्वारा जिस प्रकार आहार व दवा लेने की सलाह दी जा रही है उसके अनुसार ही बच्चों को पोषण युक्त आहार दें। जिलाधिकारी ने स्वयं सुझाव देते हुए कहा की बोतल से दूध बच्चों का ना दें। साफ चम्मच से बच्चों को दूध पिलाएं, चिप्स ना देने की सलाह दी, बच्चों को खीर खिलाएं दाल भी खिलाएं। जिलाधिकारी ने सभी बेड़ों में जाकर कुपोषित बच्चों से मुलाकात कर हाल-चाल लिया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से सभी भर्ती बच्चों की बेहतर देखभाल रखने को कहा।

सम्बन्धित टीकों और दवाओं को समय से देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बच्चों का युवीं पोर्टल पर डाटा दर्ज दर्ज करने के निर्देश दिया। कहा कि आशाएं भी घर-घर जाकर आयरन और कैल्शियम की गोली गर्भवती और धात्री महिलाओं को वितरित करें यह सुनिश्चित कराएं। रहरा क्षेत्र में ज्यादा कुपोषित युक्त बच्चे मिलने की सूचना पर जिलाधिकारी ने मनरेगा स्वास्थ्य व अन्य संबंधित विभागों से बात कर कुपोषण को खत्म करने के लिए आवश्यक कार्यवाही किये जाने की बात कही।

## जिलाधिकारी ने किया वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण

अमरोहा। एनआरसी केंद्र निरीक्षण करने के पूर्व जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में संचालित वन स्टाफ सेंटर का भी मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला अधिकारी ने फैसलेशन कक्ष, मेडिकल कक्ष में दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य कक्षों का एक-एक करके निरीक्षण कर उपस्थित संबंधित कर्मचारियों से जानकारी ली। पूछा किस प्रकार काउंसिल की जाती, पीड़ित के आने पर क्या प्रक्रिया की जाती है, पीड़ित को कितने दिन तक रखा जाता है सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां ली। सी डब्लू सी से रेफर किए जाने के बाद भर्ती 13 वर्षीय बच्ची के बारे में भी जिलाधिकारी ने जानकारी ली जिसे महिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि बयान के लिए गई है। जिलाधिकारी ने रजिस्टर का अवलोकन कर आवश्यक बिंदुओं पर जानकारी ली। जिलाधिकारी ने साफ सफाई कम मिलने पर जिला महिला कल्याण अधिकारी को सफाई कर्मी लगाकर सफाई करने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने वन स्टाफ सेंटर में 12 पद के सापेक्ष खाली पदों को भरने के लिए भी जिला महिला कल्याण अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को निर्देशित किया। वन स्टाफ सेंटर के निरीक्षण अवसर पर जिला महिला कल्याण अधिकारी व वन स्टाफ सेंटर में लगे कर्मचारी गण तथा एन आर सी केंद्र पर के निरीक्षण के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तथा संबंधित डॉक्टर और स्टाफ गण मौजूद रहे।

## प्रदेश सरकार फीस अधिनियम बिल में फेल निजी स्कूलों की लूट पर अंकुश - सीमा त्यागी

गाजियाबाद, प्रात : किरण



उत्तर प्रदेश में अभिभावकों से निजी स्कूलों द्वारा की जा रही बेतहाशा लूट पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने फीस अधिनियम 2018 को जिस मंशा से बनाया था वो सत्ता के गलियारों में बैठे शिक्षा माफियाओं के वर्चस्व के कारण आज तक पूरा नहीं हो सका जब आज हम 6 साल बाद इस फीस बिल का अभिभावकों को मिले लाभ का धरातल पर आंकलन करते है तो निजी स्कूलों द्वारा किताब, कॉपी स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, जूते, मोजे वार्षिक शुल्क और मोटी फीस के नाम पर की जा रही लूट पहले की तरह बादस्तुर जारी है अभिभावकों की सरकार से आशा निराशा में बदल गई है आज 6 साल बाद भी यह बिल जिलों में लागू होने की राह देख रहा है जो दिखाता है की प्रदेश सरकार शिक्षा माफियाओं के दबाव में काम कर रही है इतना ही नही प्रदेश सरकार आरटीई के तहत चयनित गरीब बच्चो के दाखिले कराने में भी निजी स्कूलों के सामने नतमस्तक है हमने अनेकों बार महसूस किया किया है की शिक्षा के मुद्दे को सरकार सुनना ही नही चाहती जिसका जीता जागता उदाहरण है की जब भी योगी जी गाजियाबाद आते है तो अभिभावकों की पीड़ा और शिक्षा के मुद्दे की आवाज दबाने के लिए नजरबंद कर दिया जाता है जिस शिक्षा को भारत में समाज सेवा के रूप में जाना जाता था आज उसी शिक्षा को शिक्षा माफियाओं और सरकारो के गठजोड़ ने व्यापार बना आम अभिभावक की पहुंच से दूर कर दिया है शिक्षा को मोटे दामों पर बेचा जा रहा है सरकार और अधिकारी इस लूट को नियंत्रित करने की बजाय मूक दर्शक बने देख रहे है पिछले 12 सालो के संघर्ष के बाद अब लगने लगा है की देश और प्रदेश के अभिभावकों को अगर निजी स्कूलों की लूट से मुक्ति पाना है तो एक जुट और एक स्वर में अपनी आवाज बुलंद कर सरकार और शिक्षा माफियाओं के गठ जोड़ पर कड़ा प्रहार करना होगा।

यादगार कमबैक पर ऋषभ पंत ने कहा

# मैं नर्वस था लेकिन मुझे खुद को साबित करना था



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेपॉक टेस्ट में भारत की शानदार जीत में ऋषभ पंत ने न केवल अपनी बल्लेबाजी से सबका दिल जीता, बल्कि अपनी भावनाओं को भी खुलकर बयां किया। मैच के बाद उन्होंने बताया कि बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में वापसी करते हुए वह नर्वस महसूस कर रहे थे। लेकिन उनके अंदर खुद को साबित करने की आग धधक रही थी। दिसंबर 2022 में जानलेवा कार एक्सीडेंट का शिकार हुए ऋषभ पंत की टेस्ट क्रिकेट में वापसी शानदार रही। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरी पारी में उन्होंने 109 रनों की शतकीय पारी खेली। बीसीसीआई ने पंत का एक वीडियो एक्स पर शेयर किया। इसमें पंत ने कहा, मैं बहुत घबराया हुआ था। लेकिन मेरे अंदर एक जज्बा और विश्वास था कि मुझे खुद को साबित करना है। पहली पारी में भी उन्होंने 39 रन जोड़े लेकिन वे इससे खुश नहीं दिखे। हालांकि, पंत ने दूसरी पारी में इसकी भरपाई कर दी और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के साथ 167 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की।

पंत ने दूसरी पारी के दौरान 128 गेंदों का सामना किया और कुल 109 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्होंने 13 चौके और चार गगनचुंबी सिक्सर भी लगाए। उन्होंने कहा, यह शतक मेरे लिए काफी खास है। मुझे चेन्नई में खेलना बहुत पसंद है। चोट के बाद मैं तीनों फॉर्मेट में खेलना चाहता था और यह मेरी वापसी के बाद पहला टेस्ट मैच था। मैं हर दिन इसका आनंद ले रहा हूं। शतक लगाने के बाद अपने जश्न के बारे में बात करते हुए पंत ने कहा, यह भावुक पल था। मैं हर मैच में रन बनाना चाहता हूं। टेस्ट क्रिकेट में वापस आकर काफी अच्छा महसूस हुआ। मैंने बस बल्लेबाजी का आनंद लिया लेकिन, शतक बनाने के बाद भावुक भी हो गया था। इसके साथ एक बात यह भी है कि मैदान पर मेरी मौजूदगी, हमेशा मुझे खुशी देती है। पंत के विस्फोटक प्रदर्शन और गिल की धैर्यपूर्ण पारी ने भारत की 280 रनों की विशाल जीत की नींव रखी, जिससे वह दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

इस जीत की लय को कायम रखते हुए भारत शुक्रवार से कानपुर में शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को जीतकर श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगा।

# प्रसिद्ध कृष्णा और तनुश कोटियन ने इंडिया ए को बनाया दलीप ट्रॉफी चैंपियन



**अनंतपुर, एजेंसी ।** प्रसिद्ध कृष्णा और तनुश कोटियन ने तीन-तीन विकेट लेकर इंडिया ए को इंडिया सी पर 132 रनों की शानदार जीत दिलाई और 12 अंकों के साथ दलीप ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। अंतिम दिन तक तीन टीमें खिताब की दौड़ में बनी हुई थीं। इंडिया बी इंडिया डी से हार गई, जिससे इंडिया ए और सी को जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा। मयंक अग्रवाल ने सुबह के सत्र में जल्दी पारी घोषित कर दी, ताकि उनके गेंदबाजों को 10 विकेट लेने का पर्याप्त समय मिल सके और उन्होंने प्रभावी ढंग से इसे अंजाम दिया। इंडिया सी की 350 रनों के लक्ष्य का पीछा करने की शुरुआत खराब रही, जब विजयकुमार वैशाख जल्दी आउट हो गए, जिन्होंने आश्चर्यजनक रूप से कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ ओपनिंग की। गायकवाड़ और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी की, इससे पहले आकिब खान ने गायकवाड़ को आउट किया। इंडिया सी का मध्यक्रम सुदर्शन का साथ देने में विफल रहा, जिन्होंने नाबाद 111 रन बनाकर बहादुरी से संघर्ष किया, जबकि रजत पाटीदार और अभिषेक पोरेल (जिन्होंने पहली पारी में 82 रन बनाए) सहित छह बल्लेबाज एकल अंकों पर आउट हो गए।

**संक्षिप्त स्कोरः**

इंडिया ए 297 और 286/8 घोषित।(रियान पराग 73, शाश्वत रावत 53; अंशुल कंबोज 2-52) ने इंडिया सी को 234 और 217 (साई सुदर्शन 111, रुतुराज गायकवाड़ 44; तनुश कोटियन 3-47, प्रसिद्ध कृष्णा 3-50, आकिब खान 2-26) को 132 रनों से हराया।

# लियोन अश्विन से बेहतर गेंदबाज हैं, इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर का बड़ा बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रविचंद्रन अश्विन ने शनिवार को अपने घरेलू मैदान चेपाक में बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए टेस्ट मैच का समापन किया। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा पांच विकेट लेने के मामले में अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी नाथन लियोन को भी पीछे छोड़ दिया। हालांकि इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर के अनुसार जब सर्वश्रेष्ठ स्पिनर की बात आती है तो लियोन अश्विन से आगे हैं। मोंटी पनेसर का मानना है कि लियोन अश्विन से बेहतर गेंदबाज हैं क्योंकि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में दबदबा बनाया है, जहां स्पिनरों को पिच से मदद नहीं मिलती। हालांकि एशियाई परिस्थितियों में अश्विन के कौशल को देखते हुए मोंटी ने 38 वर्षीय अश्विन को भारत की सतह पर बेहतर गेंदबाज बताया। मोंटी पनेसर ने कहा, मुझे लगता है कि मेरी राय में नाथन लियोन बेहतर गेंदबाज हैं। हां, वह बेहतर गेंदबाज हैं। लेकिन मुझे लगता है कि भारत में अश्विन बेहतर गेंदबाज हैं। आधुनिक युग में अश्विन के मुख्य प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध ऑफ स्पिनर नाथन लियोन हैं। दोनों अनुभवी स्पिनरों ने गेंद के साथ अपनी अविश्वसनीय शिल्प कौशल के लिए प्रतिष्ठा बनाई है। लियोन ने 129 मैचों में 30.28 की औसत से 530 टेस्ट विकेट लिए हैं, जबकि आर अश्विन ने 101 मैचों में 23.70 की औसत से 522 टेस्ट विकेट लिए हैं। पनेसर बताते हैं कि अश्विन की बल्लेबाजी करने की क्षमता उन्हें बल्लेबाज की तरह सोचने में मदद करती है, जिससे उन्हें विपक्ष का फायदा उठाने में मदद मिलती है और यह उनका सबसे बड़ा फायदा है।



पनेसर ने कहा, मुझे लगता है कि जब वह गेंदबाजी करते हैं तो वह बल्लेबाज की तरह सोचते हैं। वह कमजोरी को पहचानने में सक्षम हैं और उसका फायदा उठा सकते हैं, और यही उनका सबसे बड़ा फायदा है। जब वह गेंदबाजी करते हैं तो वह वास्तव में अच्छी गेंदबाजी करते हैं, उन्हें पता होता है कि बल्लेबाज क्या सोच रहे हैं। पनेसर को लगता है कि अश्विन इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट क्रिकेट सेट-अप में फिट नहीं होंगे। उनका कहना है कि इंग्लैंड की प्रयोग करने की जरूरत 38 वर्षीय अश्विन के लिए थ्री लॉयन्स सेट-अप में जगह नहीं बनाएगी। उन्होंने कहा, वे ज़्यादा प्रयोग करते हैं। अगर अश्विन अभी अंग्रेज होते, तो वे उन्हें संन्यास लेने के लिए कह देते क्योंकि वे ऐसे युवाओं को लाना चाहते हैं जिनमें खेलने की क्षमता है। लेकिन मुझे लगता है कि इंग्लैंड ज़्यादा प्रयोग करता है और उन्हें प्रयोग करना पसंद है।

# रविंद्र जडेजा कानपुर में दूसरे टेस्ट में एक विकेट लेते ही रचेंगे इतिहास

### बनेंगे ऐसा करने वाले पहले भारतीय लेफ्ट आर्म स्पिनर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने बांग्लादेश को चेन्नई टेस्ट मैच में 280 रन के बड़े अंतर से हरा दिया और इस मैच में भारतीय स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने भी गेंद और बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया। जडेजा ने पहली पारी में अश्विन का बेहतरीन साथ निभाया और टीम के लिए 86 रन की अहम पारी खेली जिससे टीम का स्कोर बेहतर स्थिति में पहुंचा। वहीं पहली पारी में उन्होंने 2 विकेट लिए जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 3 विकेट निकाले।

चेन्नई फतह करने के बाद अब बारी कानपुर की है जहां दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से खेला जाएगा। पहला टेस्ट मैच जीतने के बाद भारत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंकतालिका में भी अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है और कानपुर मैच अगर भारत जीत जाता है तो वो और बेहतरीन स्थिति में पहुंच जाएगा। कानपुर की स्पिन पिच पर जडेजा एक बड़े रिकॉर्ड को भी अपने नाम करने के बेहद करीब हैं।

### एक विकेट लेते ही जडेजा रचेंगे इतिहास

कानपुर टेस्ट मैच में रविंद्र जडेजा एक विकेट लेते ही इतिहास रच देंगे। दरअसल टेस्ट प्रारूप में रविंद्र जडेजा के 299 विकेट हो चुके हैं और एक विकेट लेते ही वो अपने 300 विकेट भी पूरे कर लेंगे। यही नहीं वो टेस्ट प्रारूप में भारत की तरफ से 300 विकेट लेने वाले पहले लेफ्ट आर्म स्पिनर बन जाएंगे। इसके अलावा वो भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले ओवरऑल 7वें भारतीय खिलाड़ी भी बन जाएंगे।

# शतरंज ओलंपियाड में मिली ऐतिहासिक जीत पर पीएम मोदी ने खिलाड़ियों को सराहा, आनंद ने भी दी बधाई





**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पुरुष और महिला शतरंज खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए 45वें शतरंज ओलंपियाड में विजेता बनने का गौरव हासिल कर लिया था। शतरंज ओलंपियाड के 97 साल के इतिहास में पहली बार भारतीय बेटों और बेटियों ने स्वर्ण जीता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने पर पुरुष और महिला शतरंज टीमों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि भारत के लिए खेलों में नए अध्याय का प्रतीक है। भारत ने रविवार को इतिहास रचते हुए पुरुष और महिला टीम वर्ग में खिताब जीते थे। यह पहली बार था जब भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

**भारत ने रचा था इतिहास** – भारत के पुरुष और महिला शतरंज खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए 45वें शतरंज ओलंपियाड में विजेता बनने का गौरव हासिल कर लिया था। शतरंज ओलंपियाड के 97 साल के इतिहास में पहली बार भारतीय बेटों और बेटियों ने स्वर्ण जीता है। पुरुष टीम ने 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया को 3.5-0.5 से हराया और महिला टीम ने अजरबैजान को इसी अंतर से हराया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, भारत के लिए ऐतिहासिक जीत। हमारे दल ने 45वां फिड शतरंज ओलंपियाड जीता। भारत ने शतरंज ओलंपियाड में ओपन और महिला वर्ग दोनों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। महिला और पुरुष शतरंज टीमों को बधाई। यह उल्लेखनीय उपलब्धि भारत के लिए खेलों में नए अध्याय का प्रतीक है। यह सफलता शतरंज की आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।

**टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय पुरुष टीम**

डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी, आर प्रज्ञानंद, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा की पुरुष टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही और कुल 22 में से 21 अंक हासिल किए। पुरुषों में अमेरिका ने रजत और उज्बेकिस्तान ने कांस्य जीता। डी हरिका, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की महिला टीम ने 19 अंक हासिल किए। कजाकिस्तान को रजत और अमेरिका को कांस्य मिला भारतीय खिलाड़ियों का व्यक्तिगत प्रदर्शन भी शानदार रहा। इससे पहले 2014 और 2022 में भारतीय पुरुष टीम ने कांस्य और महिलाओं ने 2022 में कांस्य पदक जीता था।

**विश्वनाथन आनंद भी टीम की सफलता से हुए खुश** – दिग्गज खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने भी शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पुरुष और महिला टीमों को बधाई देते हुए इसे हैरतअंगेज खेल का नतीजा बताया। आनंद ने एक्स पर लिखा, भारतीय पुरुष टीम को ओलंपियाड में एक दौर शेष रहते हुए जीत दर्ज करने पर बधाई। ऐतिहासिक प्रदर्शन। निश्चित तौर पर हैरतअंगेज खेल। डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी को व्यक्तिगत सफलता के लिए बधाई। भारतीय महिला टीम को भी बधाई। पूरी टीम और कप्तान अभिजीत कुंटे ने शानदार परिणाम हासिल किया। विशेष रूप से दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई।

# टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए श्रेयस अय्यर फिर देंगे 'अग्नि परीक्षा', यह ऑलराउंडर भी चयनकर्ताओं की नजरों में आना चाहेगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर और शार्दुल ठाकुर को मुंबई और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच आगामी ईरानी कप मैच में खेलते देखा जा सकता है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन) ने 1 से 5 अक्टूबर तक लखनऊ में होने



वाले वार्षिक मैच के लिए अभी तक अपनी पूरी टीम की घोषणा नहीं की है। मंगलवार (23 सितंबर) को टीम की घोषणा हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार इस साल की शुरुआत में पिछले सीजन में मुंबई को रिकॉर्ड 42वीं रणजी ट्रॉफी जीत दिलाने वाले कप्तान अजिंक्य रहाणे का टीम की अगुआई करना तय है। शार्दुल की उपलब्धता मुंबई के लिए अच्छी खबर है। इससे उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभाग मजबूत होगा।

**दलीप ट्रॉफी में खेले अय्यर** – जून में टखने की सर्जरी के बाद से भारत का यह ऑलराउंडर मैदान से बाहर है। उन्होंने हाल ही में केएससीए टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। एमसीए के एक शीर्ष अधिकारी के अनुसार शार्दुल ने पांच दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच के लिए खुद को उपलब्ध कराया है। अय्यर ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच श्रीलंका के खिलाफ वनडे में खेला था। उन्होंने हाल ही में संपन्न दलीप ट्रॉफी में इंडिया डी की कप्तानी की थी। दलीप ट्रॉफी में फेल रहने के बाद श्रेयस की निगाहें ईरानी कप में अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टेस्ट में वापसी पर होगी। इंग्लैंड के खिलाफ इस साल की शुरुआत में टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। अब भारतीय टीम के पास मिडिल ऑर्डर में काफी विकल्प हैं, ऐसे में अय्यर को वापसी के लिए खूब रन बनाने होंगे। विराट कोहली, केएल राहुल और सरफराज अहमद के रहते उनकी वापसी मुश्किल दिखाई देती है।

**भारतीय चयनकर्ताओं को प्रभावित करना चाहेंगे शार्दुल** – शार्दुल ठाकुर आखिरी बार भारत के लिए साउथ अफ्रीका दौरे पर दिसंबर 2023 में खेले थे। अब उनकी निगाहें ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करते भारतीय चयनकर्ताओं को प्रभावित करने पर होगी। शार्दुल ने पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। वह विदेश में लोअर ऑर्डर में अच्छे ऑलराउंडर साबित हुए हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में अंजिक्य रहाणे के साथ मिलकर भारतीय टीम को संभाला था।

# साहिल पारेख का शतक, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया



**पुडुचेरी, एजेंसी।** साहिल पारेख (नाबाद 109) और अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने सोमवार को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। यहां 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर में हैरी होकेस्ट्रा ने रुद्ध पटेल को (10) पर रोनाल्डो के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद साहिल पारेख और अभिज्ञान कुंडू ने भारतीय पारी को संभालते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 22 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। साहिल ने 75 गेंदों में 14 चौके और पांच छक्के लगाते हुए (नाबाद 109) रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं अभिज्ञान कुंडू ने 50 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (नाबाद 50) रन बनाए। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से हैरी होकेस्ट्रा को एक विकेट मिला। इससे पहले गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 176 रन पर ढ़ेर कर दिया हैं। ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और मोहम्मद एनान ने सलामी बल्लेबाज एलेक्स ली यंग (19) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। दूसरे ओपनर रिले किंग्सेल (15) को मोहम्मद अमान ने रनआउट किया। इसके बाद भारतीय गेंदबाद के आगे ऑस्ट्रेलिया का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक टिक नहीं सका और उसके लगातार विकेट गिरते रहे। ओलीवर पीके (15), जैक कट्रेन (17) रन बनाकर आउट हुए। एडिसन शेरिफ ने टीम के लिये सर्वाधिक (39) रनों की पारी खेली। क्रिश्चिन होवे (28), लिंकन हॉब्स (16), हेडन शिलर (2), विश्व रामकुमार (6) और हैरी होकेस्ट्रा (9) रन बनाकर आउट हुए।

# पहली बार ओलंपिक से खाली हाथ लौटीं पीवी सिंधु को नए कोच की तलाश; 29 साल की उम्र में रिटायरमेंट नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पीवी सिंधु भारत की उन चुनिंदा एथलीट्स में शामिल हैं जिन्होंने देश के लिए ओलंपिक में दो मेडल जीते हैं। सिंधु ने 2016 के रियो ओलंपिक में सिल्वर मेडल और 2021 के टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। पेरिस ओलंपिक में पहली बार ऐसा हुआ जब पीवी सिंधु बिना मेडल के देश लौटीं। उनका सफर क्वार्टर फाइनल में ही खत्म हो गया। सिंधु ने हार नहीं मानी है वह अब वापसी के लिए नए कोच की तलाश में हैं।

**बेंगलुरु छोड़ हैदराबाद लौटीं पीवी सिंधु**– सिंधु 29 साल की हो चुकी हैं। लॉस एंजेलिस ओलंपिक तक उनकी उम्र 33 हो चुकी होगी। बैडमिंटन जैसे खेल में 33 की उम्र में ओलंपिक मेडल लाना आसान नहीं है। सिंधु का अगला ओलंपिक खेलना उनकी फिटनेस पर निर्भर करता है। हालांकि उनका अगला लक्ष्य एशियन गेम्स 2026 है। वह इसके लिए नया कोच चाहती हैं और उन्होंने बेंगलुरु छोड़ हैदराबाद लौटने का फैसला किया है।

**अनूप श्रीधर के साथ ट्रेनिंग करेंगी सिंधु**



– पीवी सिंधु के पिता पीवी रमन ने इंडिया एक्सप्रेस को बताया कि उनकी बेटी अब कुछ समय तक अनूप श्रीधर के साथ ट्रेनिंग करेंगी। उन्होंने कहा, 'सिंधु ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम लौट आई हैं। अभी कोई कैंप नहीं चल रहे हैं इसलिए हैदराबाद में ट्रेनिंग शुरू कर दी है। वह सीजन की शुरुआत अर्कटिक ओपन से करेंगी।'

**फिनलैंड जाकर सीजन शुरू करेंगी पीवी सिंधु** – अनूप पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन को भी ट्रेन कर चुके हैं। वह यूरोप में होने वाले टूर्नामेंट्स के लिए सिंधु को ट्रेन करेंगे। रमन ने कहा, 'सिंधु के कोच अगस का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो रहा है। हम श्रीधर के साथ नई पार्टनरशिप कर रहे हैं। 4-5 महीने में देखेंगे कि क्या होता है। अनूप हैदराबाद में सिंधु के साथ ट्रेनिंग करेंगे और फिर उसके साथ अर्कटिक ओपन के लिए फिनलैंड जाएंगे।' अनूप श्रीधर के अलावा पीवी सिंधु विकल्प के तौर पर पूर्व कोरियन कोच पार्क टे सांग को भी देख रही हैं। पार्क को लेकर रमन ने कहा, 'ऐसा नहीं है कि किसी झगड़े के बाद पार्क और सिंधु अलग हो गए हैं। हमें बस ऐसा लगा कि चीजें ठीक नहीं जा रही हैं और परिणाम नहीं मिल रहा है। सिंधु तब खेलेंगे जब तक वह चोटिल नहीं होंगी।'

**रमन ने कहा- सिंधु को कुछ साबित नहीं करना है** – पीवी सिंधु फिलहाल हैदराबाद के स्टेडियम में फिटनेस पर काम कर रहे हैं। वह अगले दो महीने टूर्नामेंट्स के लिए सफर कर रही होंगी। यूरोप में टूर्नामेंट के बाद कोरिया, कुमामोटो और चाइना मास्टर्स में हिस्सा लेंगी। सिंधु ने बीते काफी समय से कोई खिताब नहीं जीता था। हालांकि वह जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए सब कुछ करने को तैयार है। सिंधु के पिता ने कहा, 'सिंधु को कुछ साबित नहीं करना है। हालांकि उसे लगता है कि वह एशियन गेम्स में मेडल जीतने वाले हैं।'

## संक्षिप्त समाचार

### सुक्खू सरकार कर्ज लेकर सोनिया गांधी को दे देती है, कंगना का बड़ा आरोप

**शिमला, एजेंसी।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। कंगना ने रविवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार कर्ज लेकर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को दे देती है, जिससे राज्य का खजाना खोखला हो गया है। शिमला के एक गांव में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए अभिनेत्री से नेता बनीं रनौत ने कहा कि हर कोई जानता है कि भ्रष्टाचार व्याप्त है और कांग्रेस शासित राज्य सरकारों ने अपने-अपने राज्यों को खोखला कर दिया है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि पार्टी चुनावों पर इतना खर्च कैसे करती है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कंगना ने कहा, वे कर्ज लेते हैं और सोनिया गांधी को देते हैं, जिससे राज्य खोखला हो गया है। रनौत ने कहा कि आपदाओं और कांग्रेस सरकार ने राज्य को दशकों पीछे धकेल दिया है और मैं लोगों से मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करती हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर हम आपदा निधि देते हैं, तो इसे सीएम राहत कोष में जाना चाहिए, लेकिन हर कोई जानता है कि यह सोनिया राहत कोष में जाता है।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में उनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाले लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर कटाक्ष करते हुए कंगना ने कहा, राजा के बेटे की हरकतें सभी को पता हैं और लोग सड़कों पर गड्ढों से तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने क्षेत्र के लिए जितना संभव हो सके उतना करूंगी, लेकिन पीडब्ल्यूडी मंत्री को भी कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को बचाना है तो भाजपा को लाना है। उन्होंने लोगों से भाजपा के अभियान में बड़ी संख्या में भाग लेने और पार्टी का सदस्य बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युग पुरुष हैं और वे सूक्ष्म स्तर पर स्थितियों से निपटते हैं।

### गुंडागर्दी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी : अनिल विज



**अंबाला, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व गृमंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है और जो कांग्रेस कैरेक्टर है उसी के मुताबिक यह भेष बदलकर गुंडागर्दी करने आ गए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन और प्यार उनके प्रति लगातार बढ़ता जा रहा है क्योंकि जनता बातें करने वालों को नहीं चाहती बल्कि जनता अपने विश्वास के प्रति काम करने वाले लोगों को चाहती है। विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार का अंबाला छावनी का चुनाव बातें करने वालों और काम करने वालों का चुनाव है और हमने काम करके दिखाया है। अंबाला के गांव गरनाला में किसानों का विरोध देखने को मिला के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह किसानों का विरोध नहीं है यह तो अंबाला छावनी में कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है और जो इनका कैरेक्टर है उसी के मुताबिक यह भेष बदलकर गुंडागर्दी करने आ गए हैं।

उन्होंने कहा कि पहले भी बहुत गुंडागर्दी हुई है और लोगों की दुकानों, मकान पर कब्जे हुए हैं तथा कत्ल भी हुए हैं आप सभी को पता है। उन्होंने कहा कि अपनी हार को देखकर इस प्रकार से यह गुंडागर्दी कर रहे हैं जो किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारे देश में प्रजातंत्र है और प्रजातंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात शांतिपूर्ण कहने का हक है।

उन्होंने कहा कि वहां पर गांव का सरपंच भी खड़ा था जिसे मैं जानता हूं वह खुद काले झंडे लेकर खड़ा हुआ था, जिसको हमने हराया हुआ है। इस बारे में मैंने चुनाव आयोग, डीजीपी हरियाणा, एसपी अंबाला, डीसी अंबाला को और रिटर्निंग अधिकारी जो अंबाला के एसडीएम है उनको संदेश मैसेज भेज दिया है।

# त्रिपुरा में कांग्रेस विधायक को एमएलए हॉस्टल खाली करने का नोटिस

## पार्टी बोली- राजनीति हो रही है

**अगरतला , एजेंसी।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य सुदीप राय बर्मन को त्रिपुरा विधानसभा द्वारा डेवलपमेंट से जुड़े कामों का हवाला देते हुए एख महीने के भीतर आवंटित हॉस्टल खाली करने का नोटिस दे दिया गया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार साहा ने कहा कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है और विधायक को नीचा दिखाने की कोशिश की जा रही है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि हमारे विधायक सुदीप रॉय बर्मन को हॉस्टल खाली करने का नोटिस इसलिए दिया गया क्योंकि उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा सत्र के दौरान आदिवासी कल्याण मंत्री देबबर्मा पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाया था। साहा ने कहा कि केवल सच बोलने से उन्हें रोकने के लिए उनको यह नोटिस दिया जा रहा है।

त्रिपुरा विधानसभा कि तरफ से 20 सितंबर को सुदीप रॉय बर्मन को नोटिस देते हुए कहा गया था कि उन्हें अगले महीने तक अगरतला के बुद्धमंदिर में उनको आवंटित किया गया क्वार्टर खाली करना होगा, क्योंकि वहां पर डेवलपमेंट का काम होना है।

सुदीप रॉय बर्मन को मिले नोटिस के अनुसार, उन्हें यह हॉस्टल तत्काल खाली करना होगा और उसे खाली करने के बाद उसकी चाबियां विधायक छात्रावास के अधीक्षक को सौंपनी होंगी। इसके अलावा उन्हें अगर नए छात्रावास में जगह चाहिए तो उन्हें उसके लिए भी जल्द से जल्द एक एप्लीकेशन लिखकर देनी होगी।



दरअसल, इस महीने की शुरुआत में ही कांग्रेस विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने मंत्री देबबर्मा पर आरोप लगाया था कि पिछले एक साल के अंदर ही उन्होंने और उनके परिवार ने कई संपत्तियां अर्जित की है, जिनमें नई दिल्ली में एक अपार्टमेंट, दो घर, दो पेट्रोल पंप सहित अन्य कई सारी संपत्तियां अर्जित की हैं। इसके अलावा बर्मन ने सीएमओ पर भी प्रोजेक्ट्स में से कई करोड़ों की घूसखोरी का इल्जाम लगाया था, जिसके बाद विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ था। दोनों ही दलों के बीच में जमकर आरोप प्रत्यारोप का दौर चला था। इन आरोपों के ऊपर राज्य सरकार में मंत्री देबबर्मा ने कहा था कि यह आरोप एक दम निराधार हैं और वह इन आरोपों को लगाने के लिए सुदीप रॉय बर्मन के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे।

सुदीप राय बर्मन भाजपा की सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। बाद में उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया गया था। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने 2023 के चुनाव में अपनी अगरतला सीट को फिर से जीत लिया था।

# भूपेश बघेल ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखा खत, छत्तीसगढ़ में रची जा रही है मेरे खिलाफ साजिश

**रायपुर, एजेंसी।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखे अपने सात पन्नों के खत में भूपेश बघेल ने कई बातें लिखी हैं. पूर्व मुख्यमंत्री ने जो सबसे बड़ी बात लिखी है वो है उनके खिलाफ रची जा रही साजिश की बात. बघेल ने खत में लिखा है कि उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश रची जा रही है. मुकदमों में फंसाने की योजना बनाई जा रही है. कोयला घोटाले से जुड़े मामलों में उनको घसीटने की तैयारी की जा रही है. पत्र में इस बात का भी हवाला दिया गया है कि वो जेल में सूर्यकांत तिवारी से मिलने गए लेकिन उनको मिलने नहीं दिया गया.

सीजेआई को भूपेश बघेल ने लिखा खतः पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में ये भी लिखा है कि राजनीतिक दुश्मनी के चलते उनको साजिश में ट्रैप कनरे की कोशिश की जा रही है. साजिश के तहत मेरा नाम अपराधों से जोड़ा जा रहा है. जिन अपराधों से मेरा कोई लेना देना नहीं है उसमें ट्रैप करने की कोशिश की जा रही है. बघेल ने आगे लिखा है कि मैंने कभी भी किसी जांच को भटकाने और उसमें



बाधा डालने की कोई कोशिश नहीं की. गलत आरोपों के जरिए मेरे राजनीतिक करियर को खत्म करने की कोशिश की जा रही है.

अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल का दिया हवालाः पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने मुख्यमंत्री रहते हुए जो काम किए उसका उदाहरण भी खत में लिखा है. बघेल ने लिखा है कि मैं जबतक सीएम पद पर रहा जिम्मेदारी और नैतिकता के साथ काम किया. संविधान की मर्यादाओं का सख्ती से पालन किया. बघेल ने ये भी लिखा है कि आप भारत के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन हैं. आपके ऊपर बड़ी बड़ी जिम्मेदारियां हैं. छत्तीसगढ़ में न्याय के नाम पर संविधान की हत्या करने की साजिश रची जा रही है उसकी जांच करें।

सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांगः खत के आखिरी में भूपेश बघेल ने लिखा है कि मैं आपसे इस संबंध में हस्तक्षेप की उम्मीद रखता हूं. संविधान की सर्वोच्चता बनाए रखने के लिए आप हस्तक्षेप करें ऐसी मेरी प्रार्थना है. आपके कदम से संविधान पर जनता का विश्वास बढ़ेगा, न्याय सुनिश्चित होगा. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखे भूपेश बघेल के खत से राजनीतिक हलकों में जल्द बयानबाजी का दौर शुरु हो सकता है. भूपेश लगातार इस बात की शिकायत करते रहे हैं कि केंद्रीय जांच एजेंसिया केंद्र के इशारे पर काम कर रही हैं।

## गुजरात में आप विधायक समेत 20 पर केस दर्ज; पहले भी जा चुके जेल, धमकी-मारपीट का आरोप

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के विधायक समेत 20 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। घटना गुजरात के नर्मदा जिले की है। केस दर्ज करने की वजह इन रेस्टोरेंट के मालिक के साथ मार-पीट करना है। इस कारण पुलिस ने विधायक चैतर वसावा समेत 6 पहचाने गए और करीब 15 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। हालांकि अब तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आपको बता दें कि विधायक को पिछले साल दिसंबर में वन अधिकारी को धमकाने, हवा में फायरिंग करने और पैसे ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इन मामलों में सत्र न्यायालय ने जमानत दी थी, लेकिन इससे पहले उन्होंने जेल में करीब छह सप्ताह का समय बिताया था।

चैतर वसावा ने साल 2020 के गुजरात चुनाव में डेडियापाड़ा सीट से चुनाव जीता था। चैतर ने साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भी हाथ आजमाया था। इन्होंने कांग्रेस के साथ सीट बटबारे के तहत चुनाव लड़ा था, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थी। चैतर ने भरूच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। इस बार विधायक और इनके साथ के अन्य लोगों ने रेस्टोरेंट मालिक शांतिलाल वसावा के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। विधायक और उनके साथियों ने रेस्टोरेंट मालिक के ऊपर 16 सितंबर को तब हमला किया जब उनसे बिल चुकाने को कहा गया था। इस पर फोन से बातचीत हुई तो विधायक ने उसे घर पर इंतजार करने को कहा।

इसके बाद विधायक अपने साथ करीब 20 लोगों को लेकर रेस्टोरेंट मालिक के घर पहुंचे। घर पहुंचकर उन लोगों ने मार-पीट और गाली-गलौज शुरू कर दी। मारपीट के बाद उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि अब तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इन मामलों में दर्ज किया गया है केस।

## गाजियाबाद में रेप पाड़िता छात्रा को मां-भाइयों ने मारी गोली

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के कैलादेवी थाना क्षेत्र में रेप पीड़िता की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को सनसनीखेज खुलासा करते हुए मां और दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। परिजन छात्रा के प्रेम प्रसंग से नाराज थे। सात महीने पहले परिजनों ने गांव के ही युवक और उसके मामा के खिलाफ अपहरण, जबकि युवक के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कराया था। छात्रा की हत्या के बाद परिजनों ने पूर्व के मुकदमे के आरोपियों को ही हत्या का आरोपी बना दिया था। जांच में परिजनों की कहानी झूठी निकली। हत्या की साजिश में शामिल छात्रा का मामा फरार है। थाना क्षेत्र में 18 सितंबर की देर रात रेप पीड़ित छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। छात्रा गाजियाबाद के एक निजी स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ती थी। मूलरूप से क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा परिजनों के साथ वर्तमान में गाजियाबाद के एक गांव में रहती थी। परिजनों के मुताबिक छात्रा की उस समय हत्या कर दी गई थी, जब वह मां और भाई के साथ घर जा रही थी। तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही रिंकू और उसके मामा पप्पू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस की टीमों ने घटनास्थल से लेकर गाजियाबाद तक सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल खंगाले और पांचवें दिन वारदात का खुलासा कर दिया।

## गुरुग्राम में बनेंगे 2 सिटी बस डिपो

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे से सटे एक दर्जन से अधिक सेक्टरों, सेक्टरों, कॉलोनियों और गांवों में रहने वाले लोगों के लिए गुड न्यूज है। यहां सिटी बस जैसी परिवहन व्यवस्था बेहतर करने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) एक कदम और आगे बढ़ा दिया है। जीएमडीए ने सिटी बस डिपो बनाने के लिए ऊपरी द्वारका एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-103 और सेक्टर-107 में जमीन चिह्नित की है। इस जमीन के लिए नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखा गया है। इन दोनों बस डिपो को तैयार करने में करीब 32 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इनके बनने से सेक्टर-99 से लेकर 115 तक की सोसाइटियों, गांवों के अलावा आसपास लगती रिहायशी कॉलोनियों को इसका विशेष फायदा होगा। जीएमडीए ने सेक्टर-103 में गांव दौलताबाद की सात एकड़ जमीन का चयन सिटी बस डिपो के निर्माण के लिए किया है। ये जमीन ऊपरी द्वारका एक्सप्रेसवे पर श्याम चौक से गांव बजघेड़ा की तरफ है। इसके अलावा सेक्टर-107 में गांव मोहम्मदपुर हेड़ी की 9.5 एकड़ जमीन का चयन किया है। इन दोनों बस डिपो को 100-100 ई-बस के लिए तैयार किया जाएगा। जीएमडीए अधिकारियों को उम्मीद है कि चुनाव आचार संहिता हटने के बाद यह जमीन मिल जाएगी। जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.श्रीनिवास ने जमीन उनके सुपुर्द करने के लिए गुरुग्राम नगर निगम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ को पत्र लिखा है।

## 58 हजार करोड़ के मेगाप्लान से आसान होगी मुंबई की राह; बिछेगा रिंग रोड्स का जाल

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए मेगा प्लान तैयार किया गया गया है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) शहर में रिंग रोड्स का जाल बिछाने जा रही है। इसके बाद मुंबई के अंदर सफर बेहद आसान हो जाएगा। योजना के पूरी तरह से लागू हो जाने के बाद मुंबई में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचने में अधिकतम एक घंटे का समय लगेगा। इस प्रोजेक्ट को 'मिनटों में मुंबई' नाम दिया गया है। इसके लिए एमएमआरडीए ने 58 हजार करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इसके बाद अगले पांच साल में मुंबई की सूरत पूरी तरह से बदली हुई नजर आएगी।

## कैलिफोर्निया में शख्स 15 साल से भर रहा था पड़ोसी का बिजली बिल; जांच हुई तो हुआ खुलासा




**कैलिफोर्निया , एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। दरअसल, यहां एक व्यक्ति को मालूम चला कि वह 15 साल से अपने पड़ोसी का बिजली का बिल चुका रहा है। केन विल्सन एक पैसिफिक गैस और इलेक्ट्रिक (पीजीएंडई) ग्राहक हैं। वह 2006 से वैकविले के एक अपार्टमेंट में अकेला रह रहा है। जब उसका बिजला की बिल जरूरत से ज्यादा आने लगा, तब उसे संदेह हुआ। एक स्थानीय बिजली कंपनी ने इसकी जांच की और एक चौंकाने वाली गलती का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पिछले 15 साल से विल्सन अपने पड़ोसी का बिजली का बिल भर रहे हैं। हालांकि, खुलासा के बाद बिजली कंपनी ने माफी मांगी।

**15 साल से चुका रहा पड़ोसी का बिलः** इस खुलासे से पहले विल्सन ने बिजली बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। उसने अपने उपकरणों की वाट क्षमता को ट्रैक करने के लिए एक उपकरण खरीदकर अपने बढ़ते बिजली बिलों को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाया। इन प्रयासों के बावजूद उसका मीटर बिल लगातार बढ़ रहा था।

विल्सन ने इस मामले में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, मैं बिजली बचाने की कोशिश कर रहा हूं, क्योंकि यह महंगी हो रही है। मैं हमेशा बाहर जाकर मीटर की जांच करता हूं, लेकिन मुझे भरोसा नहीं हुआ। मैंने जब अपना ब्रेकर बंद किया, तब भी मेरा मीटर चालू था। इसके बाद विल्सन ने पैसिफिक गैस और इलेकिट्रिक (पीजीएंडई) से संपर्क किया। पीजीएंडई ने जांच शुरू की और बताया कि विल्सन अंजाने में अपने पड़ोसी का बिल चुका रहे हैं।

पीजीएंडई के प्रवक्ता ने कहा, हमारी प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि ग्राहक के अपार्टमेंट के मीटर नंबर का बिल संभावित रूप से 2009 से दूसरे अपार्टमेंट में भेजा जा रहा था। हम इस गलती के लिए माफी मांगते हैं। हमें इस असुविधा का खेद है। पीजीएंडई ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को सुधारेंगे।

## ईरानी सांसद का सनसनीखेज खुलासाः हेलीकॉप्टर में पेजर फटने से हुई राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत

ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई मौत को लेकर एक नया और सनसनीखेज दावा सामने आया है। ईरानी सांसद अहमद बख्शीश अर्दस्तानी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि रईसी जिस हेलीकॉप्टर में सवार थे, उसमें मौजूद पेजर में विस्फोट होने के कारण यह हादसा हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रईसी एक पेजर का उपयोग करते थे, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह पेजर वही था, जिसे हिजबुल्ला द्वारा इस्तेमाल किया जाता था।

मई 2024 में हुई इस हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी की मृत्यु हो गई थी। पहले बताया गया कि खराब मौसम और कोहरे जैसी परिस्थितियों के कारण दुर्घटना हुई। लेकिन अब सांसद अर्दस्तानी के इस दावे ने नई संभावनाओं को जन्म दिया है। उन्होंने संकेत दिया है कि जिस पेजर का इस्तेमाल लेबनान के हिजबुल्ला संगठन द्वारा किया जा रहा था, वही पेजर संभवतः रईसी के हेलीकॉप्टर में विस्फोट कर गया हो। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान की खुफिया एजेंसियों को इस मामले की जांच करनी चाहिए। सांसद के अनुसार, ईरान ने हिजबुल्ला को पेजर और वॉकी-टॉकी उपकरण खरीदने में मदद की थी। उन्होंने कहा, ईरानी बलों ने हिजबुल्ला के पेजरों की खरीद में बड़ी भूमिका निभाई थी, और हो सकता है कि रईसी के पास भी वही पेजर रहा हो।

इस विस्फोट से जुड़े हमलों का संबंध इज़रायल से जोड़ा जा रहा है, लेकिन अभी तक इज़रायल ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। रईसी के पेजर इस्तेमाल करने की खबर तब सामने आई जब कुछ दिन पहले उनकी एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें उनके पास पेजर देखा गया था। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह पेजर हिजबुल्ला द्वारा इस्तेमाल किए गए उपकरणों जैसा था या नहीं। पेजर ब्लास्ट और वॉकी-टॉकी से जुड़े हमले के कारण लेबनान में भी एक बड़ी घटना हुई थी, जिसमें 35 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

मई 2024 में हुए इस हेलीकॉप्टर हादसे के बाद कई वजहें सामने आईं, जिसमें मौसम, कोहरे, और तकनीकी खराबी जैसी बातें शामिल थीं। लेकिन अब सांसद द्वारा किए गए इस नए दावे के बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या इस दुर्घटना में पेजर विस्फोट का हाथ था? ईरानी खुफिया एजेंसियों से इस मामले की जांच करने की मांग की जा रही है, ताकि रईसी की मृत्यु से जुड़े इस रहस्य का पर्दाफाश किया जा सके। मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात का भी जिक्र है कि पेजर और वॉकी-टॉकी हमलों के पीछे इजरायल का हाथ हो सकता है। हालांकि, इजरायल ने अब तक इन आरोपों का कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया है। इस मामले में पेजर विस्फोट और अन्य संदिग्ध गतिविधियों की जांच जारी है।

# गाजा जैसा होगा लेबनान का हाल; हमलों से पहले इजरायल की चेतावनी- छोड़ दो हिजबुल्लाह के ठिकाने

**गाजा , एजेंसी।** गाजा में हमास की कमर तोड़ चुकी इजरायली सेना ने अब लेबनान को श्मशान बनाने की तैयारी कर ली है। कुछ दिनों से हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच हवाई हमले चल रहे हैं। सोमवार को इजरायली सेना ने लेबनान में लोगों को चेतावनी दी कि वे जितना जल्दी हो सकें, हिजबुल्लाह के ठिकानों से दूर चले जाएं क्योंकि जल्द ही इजरायल लेबनान में तेज हमले करने वाला है। इससे पहले गाजा में भी इसी तरह इजरायली सेना ने लोगों को हमास के ठिकानों से दूर चले जाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद पूरी दुनिया ने देखा कि इजरायल ने गाजा पर किस तरह कहर बरपाया। गाजा हमले में कम से कम 44 हजार लोगों की जिंदगी लील गई।

इजरायल के सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा, हम हिजबुल्लाह द्वारा लेबनान में सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इमारतों और क्षेत्रों को निशाना बनाने की सोच रहे हैं। हमें ऐसी जानकारी मिली है कि यहां हिजबुल्लाह ने हथियार



जमा कर रखे हैं। हमने इन इलाकों में रह रहे लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थान चले जाने की सलाह दी है।

हगारी ने कहा कि सेना ने सोमवार सुबह से हिज्बुल्लाह साइटों के खिलाफ नए हमले शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा, हमलें निकट भविष्य में भी जारी रहेंगे। इजरायली सेना ने सोमवार को लेबनान में ईरानी समर्थित हिजबुल्लाह के ठिकानों पर व्यापक हमले शुरू कर दिए। अपने युद्ध लक्ष्यों को पाने के लिए इजरायली सेना हवाई हमलों के बाद जमीनी आक्रमण भी शुरू करेगी। सेना ने हमलों के बारे में और कोई विवरण नहीं दिया है।

**गाजा जैसा लेबनान का हालः** इजरायली सेना ने अब लेबनान पर पूरी ताकत से हमले की प्लानिंग कर ली है। इससे पहले इजरायल ने गाजा में हमलों से पहले लोगों को चेतावनी दी थी कि वे हमास के ठिकानों से दूर चलें जाएं। इजरायल की यह चेतावनी संकेत है कि उसने गाजा के बाद अब लेबनान का भी श्मशान जैसा हाल करने की पूरी तैयारी कर ली है। हफ्तेभर पहले पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध कैबिनेट में आह्वान किया था कि हमास के बाद उनका लक्ष्य उत्तरी सीमा पर इजरायलियों की वापसी और हिजबुल्लाह का समूल नाश है। नेतन्याह ने जोर देकर कहा था कि हिजबुल्लाह के लगातार हमलों और दहशत से उत्तरी क्षेत्र में रह रहे लोग पलायन को मजबूर है। इसलिए अब हिजबुल्लाह के खिलाफ पूर्ण युद्ध का समय आ गया है।

नेतन्याहू के इस कथन के अगले ही दिन लेबनान में पेजर और फिर वॉकी-टॉकी अटैक हुए। परिणामस्वरूप हमले में हजारों लोग घायल हुए और 40 से ज्यादा लोग मारे गए। इसके बाद भी हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच हवाई हमलों का दौर जारी है। अब सोमवार से इजरायल ने लेबनान पर हमलों का ऐलान कर दिया है।

## छह साल की उम्र में कैलिफोर्निया से अगवा हुआ था बच्चा, अब 73 साल बाद भतीजी ने ढूंढ निकाला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, यहां के पूर्वी तट से 73 साल पहले अगवा हुआ छह साल का बच्चा अब मिला है। 21 फरवरी 1951 में लुइस आर्मंडो अल्बिनो नामक एक बच्चे को कैलिफोर्निया के वेस्ट ओकलैंड के एक पार्क से अगवा कर लिया गया था। दशकों तक, उनका ठिकाना एक रहस्य बना रहा प्यूर्टो रिकान में जन्मे अल्बिनो अब 79 वर्ष के हैं। वे पांच भाई-बहनों में से एक हैं। जब अल्बिनो अपने 10 साल के भाई रॉजर के साथ खेल रहे थे। उसी समय वहां एक महिला आई और टॉफी देने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई थी। बाद में, उसे न्यूयॉर्क के एक जोड़े ने गोद ले लिया। पुलिस, तटरक्षक और सेना के जवानों ने उसकी खोज में पूरे इलाके की तलाशी ली थी। एफबीआई को भी मदद के लिए बुलाया गया था। दुर्भाग्य से, बच्चे के अपहरण का मामला सात दशकों तक लटका रहा। अपने बेटे के इतने लंबे समय तक लापता रहने के बावजूद, लुइस की मां ने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी। उन्हें हमेशा से उम्मीद थी कि उनका बेटा वापस आ जाएगा। साल 2005 में वह अपने बेटे के बारे में जाने बिना ही चल बसी। मगर लुइस की 63 साल की भतीजी एलिडा एलेक्विन ने अपने लंबे समय से खोए चाचा को खोजने का मजबूत इरादा किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129